नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 331 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

पेज -4 पर
पीएससी भर्ती पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक मुख्यमंत्री जांच ..

धरमजयगढ़, बुधवार 27 सितंबर 2023

नारी शक्ति वंदन विधेयक ऐतिहासिक, मोदी सरकार के प्रति आभार -वीणा विश्वास
पेज -8 पर

मनोकामना ज्योति कलश

651/- रुपये
कन्या छूट - 100/- रूपए

श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

शारदीय नवरात्र 2023 (15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 तक)

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-

धरमजयगढ़ -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुडेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।

एक नजर

रायपुर के रोजगार मेला में सौंपें गए 228 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के सभागार में आज, नौंवे रोजगार मेले का आयोजन किया गया । रोजगार मेला-9 में 228 अभ्यर्थियों को केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री रेणुका सिंह के हाथों नियुक्ति-पत्र प्रदान किया गया । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सर्कल की मुख्य पोस्टमास्टर जनरल वीणा श्रीनिवास सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे । भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित इस समारोह में भारतीय डाक विभाग, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, इंडियन ओव्हरसिज बैंक और केंद्रीय विद्यालय संगठन में चयनित उम्मीदवारों को नियुक्तियां दी गई हैं । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि अमृत काल में देश को विकसित राष्ट्र बनाने में इन युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी । उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों का अभिनंदन करते हुए आव्हान किया कि वह शासकीय नौकरी को सिर्फ जीवनयापन का साधन मात्र ही ना समझें, बल्कि इसे समाज सेवा और देश सेवा का एक माध्यम मानें । उन्होंने युवाओं से कहा कि वह शासकीय नौकरी के दौरान आमजनों को सहयोग करें और उनकी परेशानियों को दूर करने में मदद करें । रेणुका सिंह ने कहा कि भारत सरकार ने दस लाख नौकरियां देने का वादा किया है, इसके मुताबिक अब तक नौ लाख से ज्यादा नौकरियां केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में प्रदान की गई हैं ।

महीनों से नहीं खुला पंचायत भवन, सालों से प्रोत्साहन राशि का इंतजार

चंद्रशेखरपुर की महिलाओं ने कलेक्टर से की शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चंद्रशेखरपुर एडू की महिलाएं ग्राम सरपंच की मनमानी और शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन राशि प्राप्त नहीं होने की शिकायत लेकर जिला कलेक्टर से मुलाकात करने रायगढ़ पहुंची।



इस दौरान उन्होंने उक्त विषयों के बारे में कलेक्टर के नाम शिकायत पत्र सौंपा। मंगलवार को रायगढ़ मुख्यालय पहुंचीं महिलाओं ने अपनी शिकायत में कहा है कि केंद्र सरकार की स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए शौचालय निर्माण की राशि विगत कई सालों से अप्राप्त है। महिलाओं ने बताया है कि सरपंच द्वारा इस विषय पर टालमटोल किया जाता है। इसके अलावा उन्होंने बताया है कि ग्राम पंचायत भवन पिछले करीब तीन महीने से नहीं खुला है। उन्होंने शिकायत में कहा है कि ऐसे में ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को उनके अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है।

उन्होंने इसे ग्राम पंचायत के सरपंच की मनमानी करार देते हुए तत्काल कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। बता दें कि जनपद पंचायत धरमजयगढ़ में करीब दो करोड़ रुपए के शौचालय निर्माण घोटाले की खबरों ने काफी सुर्खियां बटोरी थी। जिसके बाद आननफानन में कथित तौर पर जांच के आदेश जारी करने की बात भी सामने आई। लेकिन अब तक उस कथित जांच की दशा और दिशा के बारे में कोई भी जानकारी सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आई है।

पीएससी की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी के कोर्ट में 6 अक्टूबर को होगी सुनवाई

रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (CG PSC) मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की कोर्ट में 6 अक्टूबर को सुनवाई की तारीख तय हुई है। पहले 27 सितंबर को सुनवाई होनी थी, लेकिन किसी कारणवश सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। यह मामला 2003 की चर्चित भर्ती परीक्षा से जुड़ा है, जिसका रिजल्ट 2005 में जारी हुआ था। इस मामले में हाईकोर्ट के फैसले को एक चयनित ने सुप्रीमा कोर्ट में चुनौती दी है। कुल 166 लोगों को पार्टी बनाया गया है। इनमें राज्य के मुख्य सचिव, पीएससी के सचिव व चेयरमैन के साथ ही चयन सूची में शामिल उम्मीदवार शामिल हैं। इनमें से अधिकांश इस वक्त सरकारी सेवा में हैं। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ महिला अफसर चंदन संजय त्रिपाठी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। त्रिपाठी डिप्टी कलेक्टर चयनित हुई थीं। बता दें कि 2003 की यह भर्ती परीक्षा बेहद चर्चित रही है। इसका रिजल्ट 2005 में जारी हुआ था। चयन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगा। हाईकोर्ट में करीब 6 याचिका दाखिल की गई। इधर, भर्ती में गड़बड़ी को देखते हुए तत्कालन राज्यपाल केएम सेठ ने तब के पीएससी चेयरमैन अशोक दरबारी को पद से हाट दिया। वहीं, राज्य सरकार ने मामले की जांच ईओडब्ल्यू और एसीबी को सौंप दी। भर्ती के लिखाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने वालों में वर्षा डोंगरे, चमन सिन्हा और रविंद्र सिंह सहित अन्य शामिल थे। इन लोगों ने आरटीआई के माध्यम से भर्ती की पूरी जानकारी पीएससी से हासिल की। इसमें गलत स्केलिंग कर नीचे के क्रम के उम्मीदवार को ऊपर करने, मानव विज्ञान विषय के दो पेपर को अलग-अलग नियम से जांचकर कुछ लोगों को अधिक नंबर देने का पता चला। इसके आधार पर 2006 में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई। हाईकोर्ट में करीब 10 वर्ष तक मामला लंबित रहा। जून 2016 में मामले को तत्कालीन चीफ जस्टिस दीपक गुप्ता की एकलपीठ के सामने सुनवाई के लिए रखा गया। कोर्ट ने पीएससी को मानव विज्ञान के दोनों पेपरों की एक नियम बनाकर कोर्ट की निगरानी में जांच करने, इसके आधार पर रिस्केलिंग कर नई मैरिट सूची तैयार कर अभ्यार्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन सूची जारी करने का आदेश दिया था।

वनों के संवर्धन और सुरक्षा में वन विभाग के अमले की महती भूमिका- अकबर

रायपुर। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने आज राजधानी के शंकर नगर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित स्टार अंलकरण कार्यक्रम में उप वन क्षेत्रपाल से वन क्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नत 58 अधिकारियों को अलंकृत कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

वन मंत्री श्री अकबर ने स्टार अलंकरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ वन सम्पदा के मामले में एक समृद्ध राज्य है। वनों के संरक्षण तथा संवर्धन और विकास में विभाग और इसके अमले का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसके मद्देनजर हमारी सरकार द्वारा राज्य में विगत वर्षों के दौरान विभाग के साथ ही यहां कार्यरत अमले के हित में भी अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसके तहत विभाग में अधिकारियों और कर्मचारियों के पदोन्नति आदि कार्य नियमित क्रम में लगातार हो रहे है। इस तरह सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। वन मंत्री श्री अकबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में वन विभाग में विगत वर्षों के दौरान सिर्फ वनों के संरक्षण तथा संवर्धन को ही बढ़ावा नहीं मिला है, बल्कि यहां वनवासियों की उन्नति की दिशा में भी निरंतर कार्य हो रहे है। यही वजह है कि विगत दो वर्षों से छत्तीसगढ़ लघु वनोपजों के संग्रहण तथा प्रसंस्करण आदि कार्यों में देश में लगातार अव्वल बना हुआ है। इसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर 09 पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया है।

पत्रकारों को अब आवास ऋण पर मिल सकेगा अनुदान

30 लाख रुपए तक के आवास ऋण पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत तक मिलेगा ब्याज अनुदान

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर अब प्रदेश में पत्रकार अब किफायती दर पर आवास का सपना पूरा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में की गई घोषणा पर अमल करते हुए जनसंपर्क विभाग द्वारा 'श्री ललित सुरजन संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना' राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है। योजना अंतर्गत 30 लाख तक के आवास ऋण के लिए 5 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक दिया जाएगा। यह योजना एक अप्रैल 2023 के बाद से क्रय मकान पर प्रभावशील होगी।

राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार योजना का लाभ केवल आवासीय ऋण पर दिया जाएगा तथा क्रय किया जाने वाला मकान छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर होना चाहिए। ब्याज अनुदान अधिकतम 30 लाख रुपए के आवास ऋण की सीमा तक दिया जाएगा। संचार प्रतिनिधि द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंकों, रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया से अधिसूचित वित्तीय संस्थानों एवं सहकारी बैंकों से लिए गए आवास ऋण पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक दिया जाएगा।

योजना का लाभ न्यूनतम 5 वर्ष से छत्तीसगढ़ में निवास कर दैनिक समाचार तथा टी.वी. न्यूज चैनल्स में पंजीकृत समाचार एजेंसियों के सम्पादकीय शाखा में कार्य कर रहे पूर्णकालिक तथा अंशकालिक संचार प्रतिनिधि तथा अधिमान्यता नियमों की अर्हतादायी शर्तों को पूरा करने वाले न्यूज पोर्टल्स के सम्पादक एवं स्वतंत्र पत्रकार ले सकेंगे। संचार प्रतिनिधि स्वयं अथवा पत्नी के साथ संयुक्त नाम से आवास ऋण लें तभी होगी पात्रता- संचार प्रतिनिधि स्वयं अथवा पत्नी के साथ संयुक्त नाम से आवास ऋण लेने पर ही इस योजना की पात्रता होगी। योजना मात्र एक आवास ऋण में ही लागू होगी। किसी संचार प्रतिनिधि द्वारा पूर्व से अपने अथवा पत्नी के स्वामित्व का मकान योजना लागू होने के बाद अवयस्क/वयस्क संतान को अंतरित कर नया आवास लेने की दशा में योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

रायपुर में तैयार हुई छत्तीसगढ़ की पहली टेनिस अकादमी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में खेलों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है और इसके लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुसार विश्वस्तरीय खेल मैदान भी तैयार किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टेडियम के बाद खेलों के लिए अब एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। ये सौगात रायपुर में टेनिस अकादमी के रूप में प्रदेश की जनता को मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल बुधवार 27 सितंबर को टेनिस स्पोर्ट्स अकादमी (छात्रावास एवं प्रशासनिक भवन) का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री उमेश पटेल तथा लोक निर्माण मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू भी उपस्थित रहेंगे। रायपुर के लाभांडी में 17.15 करोड़ रूपए की लागत से तैयार ये टेनिक अकादमी छत्तीसगढ़ की पहली और सबसे बड़ी अकादमी होगी। 4 एकड़ क्षेत्र में स्थापित की गयी टेनिस स्पोर्ट्स अकादमी को तीन मुख्य हिस्सों में विभाजित किया गया है। पहला भाग एडमिन बिल्डिंग है जो तीन मंजिला है। इसमें रूम, हाल, जिम, वीआईपी लाउंज के साथ ही मीडिया सेंटर के साथ ही 500 की दर्शक क्षमता के साथ अनेक सुविधाएं होंगी। दूसरे हिस्से के रूप में अकादमी की हास्टल बिल्डिंग है। यह भी तीन मंजिला है जिसमें कार्यालय, अधीक्षक रूम, पार्किंग, किचन, डायनिंग जैसी अनेक सुविधाएं होगी।

वर्चुअली कार्यक्रम

कोरिया और बेमेतरा जिले के 122 निवेशकों को लौटाई गई 38 लाख 40 हजार रूपए की राशि

मुख्यमंत्री ने लौटाई चिटफंड निवेशकों की राशि

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चिटफंड कंपनी में निवेश करने वाले कोरिया तथा बेमेतरा जिले के 122 पीड़ित निवेशकों को 38 लाख 40 हजार 684 रूपए की राशि लौटाई। मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा अब तक कुल 69 हजार 503 निवेशकों को 38 करोड़ 08 लाख 67 हजार रूपए वापस लौटाए जा चुके हैं। इसी कड़ी में आज बेमेतरा जिले के 108 निवेशकों को 34 लाख 63 हजार 684 रूपए तथा कोरिया जिले के 14 निवेशकों को 03 लाख 77 हजार रूपए ऑनलाईन खाते में अंतरित किए गए हैं। साथ ही अब तक 214 अनियमित वित्तीय कंपनियों के विरूद्ध 468 प्रकरण दर्ज कर 587 डायरेक्टरों एवं 121 पदाधिकारियों कुल 708 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, 402 प्रकरणों में चालान तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार लगातार चिटफंड कंपनियों के निवेशकों की राशि लौटाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां चिटफंड निवेशकों के पैसे लौटाए गए हैं। प्रदेश की भोली-भाली जनता को ठगकर चिटफंड कंपनियों ने उनसे अपने बचत राशि का निवेश कराया था। कंपनियां निवेश को दोगुना-तीनगुना करने का प्रलोभन देकर पैसे वसूलने का काम करती थी। श्री बघेल ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही चिटफंड निवेशकों का पैसा लौटाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता थी।

चिटफंड निवेशकों ने पैसे वापस मिलने पर मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

राज्य में चिटफंड निवेशकों को लौटाए जा चुकी है 38 करोड़ 08 लाख 67 हजार रूपए की राशि

खाकी की मानवीय संवेदना

चक्रधरनगर पुलिस ने मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को मनोरोग अस्पताल में कराया भर्ती

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।

पुलिसकर्मियों के मानवीय कार्य से समाज में पुलिस की छवि अच्छी बनती है । कई बार जिला पुलिस के अधिकारियों को ड्यूटी के साथ-साथ इन्सानियत के कार्य करते देखा गया है । ऐसा ही एक मानवीय कार्य थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर से देखने मिला । उन्होंने क्षेत्र की मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के ईलाज में मदद की गुहार लेकर थाने आये व्यक्ति को निराशा नहीं किये और अस्वस्थ व बेसहारा महिला की मदद कर उसे शीघ्र उचित उपचार के लिए सेंदरी बिलासपुर अस्पताल में भर्ती कराया ताकि

वह स्वस्थ्य होकर सामान्य रूप से जीवन यापन कर सके।

दरअसल कुछ दिनों पहले थानाक्षेत्र में निवासरत मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला (30 साल) को उसके मामा लेकर थाना चक्रधरनगर आया और थाना प्रभारी निरीक्षक Prashant Rao Aher से अपनी व्यथा बताया कि उनकी भांजी आशा (परिवर्तित नाम) के माता-पिता और पति का देहांत हो गया । आशा की दिमागी स्थिति ठीक नहीं होने से अपने स्तर पर ईलाज कराया, ठीक नहीं हुई । घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, आगे आशा के ईलाज में मदद की आस लेकर थाना आया है । थाना प्रभारी आशा की दशा देखकर उसके मामा को ईलाज में मदद का आश्वासन दिये । तत्पश्चात थाना प्रभारी द्वारा आशा के उचित ईलाज के लिये आवेदन तैयार कराकर मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ0 राजेश अजगल्ले से आशा की जांच कराए । डॉक्टर ने आशा का मनोरोगी अस्पताल में ईलाज कराये जाने की मशवरा दिये जाने पर थाना प्रभारी ने आशा को माननीय न्यायालय में पेश किया गया । न्यायालय से अनुमति मिलने पर आज चक्रधरनगर थाने की महिला स्टाफ़ के मार्फत आशा को राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी में बेहतर ईलाज के लिये भर्ती कराया गया । क्षेत्र के रहवासी चक्रधरनगर पुलिस की इस पहल की सराहना की जा रही है।

खुटाघाट बांध हुआ लबालब वेस्ट वेयर चालू,छलकते बांध के नजारे को देखने पहुंचने लगे पर्यटक

जोहार छत्तीसगढ़- रतनपुर।

अंचल के सबसे प्रसिद्ध बांध और पर्यटक स्थल खुटाघाट में सोमवार में वेस्ट वेयर आरंभ हो गया । ऐसा बरसों बाद हुआ है जब सितंबर माह में ही बांध छलकने लगा। करीब 1.15 लाख एकड़ में इस बांध से सिंचाई होती है। पिछले साल अच्छी बारिश के कारण बांध में पर्याप्त पानी था और इस वर्ष भी लगातार हो रही बारिश के कारण खारंग नदी में पर्याप्त पानी है जिस कारण सोमवार को बांध पूरी तरह भर गया और वेस्ट वेयर से ओवरफ्लो आरंभ हो गया। बांध को सुरक्षित रखने के लिए यह व्यवस्था की जाती है, जिससे बांध में अतिरिक्त पानी

जमा होने के बाद वह एक अन्य नहर से बह जाती है लेकिन इस विशालकाय बांध में अतिरिक्त जल जब बहकर नहर में गिरती है तो यह नजारा किसी झरने की तरह दिखाई पड़ता है। जिस कारण यह नजारा पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र होता है। हर वर्ष पर्यटकों को बांध के ओवरफ्लो होने की प्रतीक्षा होती है। इस वेस्ट वेयर को देखने दूर-दूर से लोग खुटाघाट पहुंचते हैं। अमूमन ऐसा नजारा अगस्त के अंतिम दिनों में या फिर सितंबर माह में नजर आता है लेकिन इस साल अच्छी बारिश के कारण सितंबर महीने में ही खुटाघाट बांध पूरी तरह भर गयाए यह पूरे अंचल के लिए अच्छी खबर है। उम्मीद थी कि एक.दो दिनों में यह पूरी तरह भर जाएगा लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण सोमवार को ही बांध पुरा भर गया। यह खबर आसपास फैलते ही लोग इस नजारे को देखने पहुंच गए। उम्मीद है कि इस साल के बहुत समय के बाद में ही खुटाघाट बांध यानी संजय गांधी जलाशय पूरी तरह भर जाने से आगामी काफी दिनों तक यह वेस्ट वेयर चालू रहेगा जिससे यहां पर्यटकों की आमद बढ़ेगी।

जोबी कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया औषधालय का शैक्षणिक भ्रमण

जोहार छत्तीसगढ़- जोबी-बर्रा।

अध्ययन और अध्यापन को लेकर नित नई अनुकरणीय पहल लिए उभर कर सामने आ रहे जिले के ग्रामीण अंचल स्थित शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा के विद्यार्थियों ने -26 सितंबर 2023 को एक अनूठा और ज्ञानपूर्ण अनुभव प्राप्त किया, जिसने वनस्पति विभाग के तत्वावधान में उनके शैक्षणिक दौरे को मनोरंजनात्मक और शैक्षिक दोनों बना दिया। इस दौरे के अंतर्गतए प्राचार्य रविन्द्र कुमार थवाईत स्वयं बच्चों को लेकर स्थानीय औषधालय पहुंचे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को औषधीय पौधों के महत्व और उपयोग के संदर्भ में गहरी

जानकारी प्रदाय की। इस अद्वितीय शैक्षणिक भ्रमण में औषधालय के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम महापात्रा ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों को तकरीबन दो दर्जन से अधिक ना.ना प्रकार के औषधीय पौधों जैसे घृतकुमारी, हरिद्रा, करंज, नीम, गिलोय, तुलसी और हर्षुंगार आदि के औषधीय गुणधर्मों का विस्तारपूर्वक विश्लेषण किया। साथ ही उनके उपयोग के तरीकों का भी विविधता और स्वास्थ्य संरक्षण में उनके योगदान के बारे में बेहद महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इस दौरे के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल सीखने का अवसर प्राप्त किया, बल्कि उन्होंने वनस्पतियों के महत्व को सामाजिक अध्ययन कराया। बढ़ते क्रम में छात्रों ने सहायक प्राध्यापक योगेन्द्र कुमार राठिया और छात्राओं ने सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्ञानमणि एक्का की मेंटरशिप में वनस्पति जगत के महत्वपूर्ण पहलुओं से रु-ब-रु होने के लिए हर्बल गार्डन का भी लुफ्त उठाया, जिससे उन्हें वनस्पतियों की मनोरंजन के साथ समझने का मौका भी पाया। विद्यार्थी भी इस भ्रमण को लेकर खूब उत्साहित रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण महाविद्यालय में विगत दो वर्षों से संचालित हो रहे हैं। जो उन्हें कुछ नया सीखने और कर गुजरने के लिए प्रोत्साहित करते है। मंगलवार के इस रोचक शैक्षणिक अनुभव ने भी उनमें उत्साह फूंका, जिसने उनके लिए शिक्षा को खेल और मनोरंजन के साथ संयुक्त कर और भी सार्थक बना दिया। यह भ्रमण उन्हें बिलकुल भी बोरिंग नहीं लगा, बल्कि उन्होंने इसका भरपूर आनंद उठायाण् उल्लेखनीय है कि इसके परिणामस्वरूप विद्यार्थियों को औषधियों के महत्व और उनके उपयोग के प्रति अधिक जागरूकता हुई, साथ ही उन्होंने एक अनुकरणीय शिक्षाप्रद अनुभव प्राप्त किया।

डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ बिलासपुर बेमेतरा द्वारा कलेक्टर को आमंत्रण

जोहार छत्तीसगढ़- बेमेतरा।

डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ बिलासपुर एवं बेमेतरा द्वारा कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा को आमंत्रित किये जहां डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ बिलासपुर संघ भारत एवं छत्तीसगढ़ ईकाई द्वारा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के तहसील बोदरी के ग्राम चकरभाठा के खसरा नंबर 742/2 रकबा 0.1010 हे. 4166 वर्गफिट भूमि पर 1000 व्यक्तियों की क्षमता वाला लॉ लाईब्रेरी व लॉ हास्टल निर्माण के लिए तक संगोष्ठी सांस्कृतिक भवन, सब्जी मंडी, बाजार, चकरभांठा बिलासपुर एवं शिलान्यास भूमि पूजन समय करीब 12 बजे बीएम सिंग रा संयोजक, डॉ. अ रा अ सं एवं उच्च न्यायालय अधिवक्ता ईलाहाबाद अध्यक्षता में सम्पन्न किया जायेगा वही आज बिलासपुर के अधि झानेन्द्र महिलांगे प्रदेश

संयोजक , सामाजिक कार्यकर्ता आर के भारद्वाज बहुजन समाज पार्टी पूर्व महासचिव, दिलीप कुमार साहू व बेमेतरा अधि. मणिशंकर दिवाकर जिला संयोयक, अधि राजेश कुमार मिरी, अधि करन दास, गेण्ड्रे शामिल होकर उक्त आमंत्रण पत्र को सौपा गया और आत्मीयता के साथ सम्मान पूर्वक अधिक से अधिक जनसंख्या में आकर उक्त कार्यक्रम को सफ ल बनाकर स्मरणीय एवं ऐतिहासिक के रूप में किया जाये ऐसा निवेदन किया गया

जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्मल सिन्हा या कृष्णकांत चंद्रा भाजपा प्रत्याशी हो सकते हैं

जोहार छत्तीसगढ़- जांजगीर।

जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में विशाल जनसभा के बाद चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है इस बार हर हाल में भाजपा चुनाव जीतना चाहती है इसलिए यहां नये प्रयोग करने के मूड में है पार्टी निर्मल सिंन्हा या कृष्णकांत चंद्रा इन दोनों में से किसी एक को टिकट दे सकतीं हैं। पूर्व विधायक निर्मल सिंन्हा एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष पद पर हैं इस क्षेत्र में बहुत ही लंबे समय से सक्रिय है सतनामी समाज में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है सतनामी समाज के लगभग 45 हजार के आसपास वोटर हैं। निर्मल सिन्हा जुझारू और तेजतर्रार जनता के बीच में लोकप्रिय है और संगठन के प्रदेश नेताओं से उनका बहुत गहरा संपर्क है निर्मल सिंन्हा के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, पूर्व संगठन महामंत्री राम प्रताप सिंह, एवं केंद्रीय मंत्री फगुन सिंह का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है भाजपा इस बार सतनामी समाज में सेंध लगाना चाहती है बसपा को हराने के लिए सतनामी वोट में सेंध लगाने के लिए सतनामी समाज से निर्मल सिंन्हा या अनुसूचित जनजाति भाजपा जिला अध्यक्ष छोटेलाल भारद्वाज टिकट के दौड़ में है निर्मल सिंन्हा अपने अप्रोच के दम पर टिकट लाने में सफ्ल हो सकते है क्योंकि छोटे लाल भारद्वाज का जनाधार तो अच्छा है एवं लोकप्रिय है लेकिन राजनीतिक अप्रोच नहीं है इसका लाभ उठाते हुए निर्मल सिंन्हा टिकट लाने में बाजी मार सकते हैं परिवर्तन यात्रा में छोटेलाल भारद्वाज ने अपने गृह ग्राम ओडेकेरा में स्वागतम के बहाने अपना शक्ति प्रदर्शन किया था जहां पर सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे जबकि निर्मल सिन्हा ने स्वागतम के बहाने हसौद में जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया जिसमें हजारों की संख्या में लोग मौजूद

थे 2018 के चुनाव में निर्मल सिंन्हा स्वयं चुनाव लड़ना चाहते थे इसके लिए पूर्व भाजपा प्रत्याशी डॉ. कैलाश साहू एवं सभी तात्कालिक मंडल अध्यक्ष ने लिखित तौर पर इनका समर्थन किया था किंतु पार्टी ने उनका टिकट न देकर डॉ कैलाश साहू को टिकट दी थी इससे रुठ होकर निर्मल सिन्हा ने अपने छोटे भाई पूर्व जिला कोषाध्याय भाजपा को निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतारा था जिसके कारण जैजैपुर चुनावी समीकरण बदल गया भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा इन बातों को ध्यान में लेकर भाजपा इस सीट पर कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है निर्मल सिंन्हा को चुनाव लड़ने के मूड में है इस विधानसभा क्षेत्र में टिकट दावेदारी की लंबी सूची है जो निर्मल सिंन्हा का समर्थन नहीं करते हैं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पांच में से तीन मंडल अध्यक्षों में निर्मल सिंन्हा के पक्ष में अपना प्रस्ताव लिखित में भेज दिया है जिसके कारण निर्मल सिंन्हा अन्य दावेदारों की अपेक्षा अधिक मजबूत दिखाई पड़ रहे हैं अगर सामान सेट होने के कारण पार्टी सतनामी समाज से आने वाले नेता सिन्हा को टिकट देना नहीं चाहेगी तो इन परिस्थितियों में चंद्रा समाज के समीकरण पर विचार कर सकती है पिछले दो बार से चंद्रा समाज का विधायक है और चंद्रा समाज का इस विधानसभा क्षेत्र में बाहुल्यता है जैजैपुर को चन्दा समाज का गढ़ समझा जाता है इसका लाभ केशव चन्द्रा को पिछले दो चुनाव में लगातार मिलता रहा है अगर चंद्रा समाज से भाजपा उम्मीदवार देने पर विचार करती है तो भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा पर दाव खेल सकती है कृष्णकांत चन्द्रा निर्विवाद एवं अच्छी छवि के व्यक्ति समझ जाते हैं वे 20 वर्षों पहले चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं भाजपा के प्रदेश संगठन में विभिन्न पदों पर रहे हैं वे दो बार से भाजपा जिला अध्यक्ष पद पर हैं चंद्रा समाज के दो बार प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं जिस विधानसभा क्षेत्र से वे चुनाव लड़े थे उसका काफी हिस्सा 2004 के परिसीमन में जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में सम्मिलित हो गया है। मालखरौदा ब्लॉक के ग्राम नगझर के रहने वाले हैं इस ब्लॉक के आधे गांव जैजैपुर विधानसभा में आधे गांव चंदपुर विधानसभा क्षेत्र में आते हैं सूत्रों से पता चला है कि कृष्णकांत चंद्रा जैजैपुर से चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं चंदपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा लगभग संयोगिता सिंह जुदेव या ओपी चौधरी को चुनाव लड़ाने का मन बना चुकी है चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के कद्दावर नेता कृष्णकांत चंद्रा को भाजपा जैजैपुर से चुनाव मैदान में उतार सकती है। सूत्रों के अनुसार कृष्णकांत चंदा ने अपना नाम अपने पड़ोसी गांव बड़े सीपत की मतदाता सूची में जुड़वा लिया है बड़े सीपत की मतदाता सूची में नाम जुड़वाना चुनाव लड़ने की संभावना की ओर संकेत करता है राजनीतिक गलियारों में इस बात की खूब चर्चा है कि उन्होंने आगामी चुनाव के मजेनजर अपना नाम बड़े सीपत में जुड़वा आया है जो जैजैपुर विधानसभा में आता है। इस तरह चन्दा जैजैपुर विधानसभा के मतदाता बन चुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार निर्मल सिन्हा के कुछ समर्थक लम्बे समय से कृष्णकांत चंद्रा को बाहरी प्रत्याशी बता कर विरोध कर रहे हैं अब देखना है जैजैपुर विधानसभा की मतदाता सूची में नाम दर्ज होने के बाद जैजैपुर विधानसभा निमल सिन्हा समर्थक किस रूप में लेते हैं। कृष्णकांत चंद्रा नये जिला सक्ती के भाजपा के बड़े चेहरे हैं इसलिए इस चुनाव में वे कहीं ना कहीं से पार्टी जरूर चुनाव लड़ा सकती है। जैजैपुर से अगर सतनामी समाज के समीकरण पर पार्टी निर्णय लेती है तो कृष्णकांत चन्द्रा को सक्ती विधानसभा में चुनाव लड़ा सकती है इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने साहू समाज पर दो बार प्रयोग किया है इस बार पार्टी चन्दा या सतनामी समाज के समीकरण पर दाब खेलना चाहती है। चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से संयोगिता सिंह जुदेव का टिकट लगभग तय माना जा रहा है वे महिला प्रत्याशी होगी एवं राजपूत क्षत्रिय समाज से आती है ऐसे में पार्टी अन्य दो सीट सक्ती, जैजैपुर से महिला प्रत्याशी पर विचार करने की संभावना कम है जिले के किसी एक सीट पर साहू या पटेल समाज को टिकट दिया जा सकता है।

भीम आर्मी ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को शराबबंदी को लेकर ज्ञापन सौंपा

जोहार छत्तीसगढ़- गिधौरी।

भीम आर्मी जिला जिला बलौदाबाजार के द्वारा 25 सितंबर को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ को आरक्षित 10 विधानसभा अनुसूचित क्षेत्र में पूर्ण रूप से शराबबंदी के संबंध में राजेन्द्र घृतलहरे भीम आर्मी भारत एकता मिशन छत्तीसगढ़ जिला बलौदाबाजार अध्यक्ष ने ज्ञापन सौंपा गया है। राजेंद्र घृतलहरे ने बताया गया की मुख्यमंत्री द्वारा आम जनता के सामने पिछले चुनाव में घोषणा पत्र में जारी किया था जिसमें संपूर्ण रूप से छत्तीसगढ़ में नशा मुक्त होगा और शराबबंदी होगी। लेकिन अभी तक आप अपने वादा पर विफ्ल रहे जो कि छत्तीसगढ़ में अनुसूचित बहुमूल्य 10 विधानसभा क्षेत्र है और छत्तीसगढ़ में जिसमें पूर्ण रूप से

शराब बंदी हेतु मैं आपसे मांग करता हूं क्योंकि आप हमारे समाज के हितैषी भी हैं। आपके देशी और विदेशी मदिरा के बढ़ती दुकानों के चलते इस नशा के कारण हमारे पुरे छ.ग. में हमारे पुरे समाज के साथ अन्य लोगों के साथ निरंतर अपराध बढ़ा है और छत्तीसगढ़ में मुख्य रूप से अनेकों घटना घटित हो रहा है। जैसे गैंग रेप बलात्कार,लूट वाहन दुर्घटना कई अन्य आपराधिक घटना घट रही है जो, मुख्य नशा के कारण छत्तीसगढ़ में चरम सीमा पार कर चुकी है मैं अपने जिला बलौदाबाजार का एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते आपको अवगत करा रहा हूं। जिसे आप बारिकी से मेरे कथनों पर संज्ञान में लेगे और नशा मुक्ति राज्य करवाने में हमारे 10 आरक्षित अनुसूचित क्षेत्र में तत्काल कोई उचित निर्णय लेगे जिससे हमारे क्षेत्रवासी सुरक्षित रह सके आपके उचित कार्यवाही के आस में नशा मुक्ति के संबंध में आबकारी मंत्री कवासी लखमा को शराबबंदी करने आवेदन दिया गया है तथा भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगड़े को शराबबंदी की जानकारी दिये गये है। शीघ्र ही शराबबंदी किया जाए अन्यथा उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य हो जायेंगे।

450 लोगों ने थामा जोगी कांग्रेस का दामन, फूल मालाओं से हुआ स्वागत

* 100 कांग्रेस,120 भाजपा सहित 450 हुए जेसीसीजे में शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के छलावा राजनीति और भाजपा के भय की राजनीति से त्रस्त होकर छत्तीसगढ़ की जनता और बीजापुर के लोगों ने दोनों को नकारते हुए जीसीसीजे पर अपना विश्वास जताया है। मंगलवार को भाजपा, कांग्रेस सहित अन्य पार्टी के लोगों ने छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी में प्रवेश लेकर यह बात साबित कर दिया है। जीसीसीजे के जिला अध्यक्ष विजय झाड़ी ने बताया कि भैरमगढ़ निवासी रामधर जुर्री के नेतृत्व में पार्टी के संभागीय पदाधिकारी और बीजापुर के जिला अध्यक्ष विजय झाड़ी के समक्ष जोगी कांग्रेस के सिद्धांतों और प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं स्वप्नद्रष्टा स्वर्गीय अजीत जोगी जी तथा प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगीजी के कुशलता पूर्वक नेतृत्व से प्रभावित होकर छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी में 100 कांग्रेस 120 भाजपा एवं अन्य 230 लोगों ने पार्टी

प्रवेश किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी के संभागीय अध्यक्ष टांकेश्वर भारद्वाज, संभागीय प्रभारी नरेंद्र मिश्रा, संभागीय सचिव माही पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जमुना सकनी, एवं बीजापुर अध्यक्ष विजय झाड़ी सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा नवप्रवेशी पार्टी सदस्यों को फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। विजय झाड़ी ने कहा कि नव प्रवेशी पार्टी सदस्यों को विधिवत प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई तथा आगामी चुनाव में भाजपा के भय की राजनीति और कांग्रेस के छल और झूठ की राजनीति से मुक्त करा कर प्रदेश को विकसित, समृद्ध और खुशहाल तथा आत्मनिर्भर बनाने का की शपथ दिलाई गई। इस दौरान संभागीय पदाधिकारियों सहित बीजापुर जिले से गुड्डू कोरसा, सुनीता तिवारी, सोमा पदम, अजय कुडियाम, सुनील झाड़ी, गुलशन भंडारी, महेश धुर्वा, दिलीप सैंड्रा, जग्गू ठाकुर, समैया बुरका, ऋ तिक दुर्गम, राजेंद्र स्वामी, संजय कुडियम सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

चुनावी समर में भाजपा कांग्रेस के विकल्प के रूप में जनता देख रही, पार्टी जनता के विश्वास पर खरा उतरेगी-जेसीसीजे

क्या भाजपा बचा लेगी किला,क्या कांग्रेस भाजपा से छीन लेगी सीट,क्या आप बिगाड़ेगी समीकरण

विन्द्रानवागढ़ में सस्पेंश बरकरार किसी पार्टी ने प्रत्याशी की नहीं की घोषणा

जोहार छत्तीसबढ़- गरियाबंद।

राज्य सरकार के निर्वाचन का समय ज्यों ज्यों नजदीक आ रहा है ऐसे में राजनितिक पार्टीयां अपनी ताकत झोंकने में कई आयोजन कर रहे हैं। टिकट के दावेदार जनता के बीच पहुंचकर समर्थन जुटाने में लगे है कही कांग्रेस के समर्थक भाजपा में शामिल हो रहे हैं तो कही भाजपा के समर्थक कांग्रेस का दामन थाम रहे है इसी बीच केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के विन्द्रानवागढ़ विस में इंट्री से राजनिति समीकरण बदलने के कयास लग रहे हैं। विन्द्रानवागढ़ भाजपा का अभेद किला माना जाता है जहां कांग्रेस फतह पाना चाहती है तो वही भाजपा हर हालात में अपनी सीट बरकरार रखना चाहती है ऐसे में आप की बदलाव यात्रा और बाइक रैली में कार्यकर्ताओं की अपार भीड़ की राजनिति गलियारों में जमकर चर्चा है। ऐसे में देखना होगा भाजपा अपनी अभेद किला बचाती है या नहीं और कांग्रेस इस बार भाजपा को मात देने में सफल होती है या नहीं।

प्रत्याशी घोषणा में विलम्ब के चलते सस्पेंश बरकरार

कांग्रेस व भाजपा में टिकट को लेकर होड लगी है तो वही आप की नजर भी इन पार्टीयो के टिकट कटने से बागी होने वाले दावेदारो पर टिकी है। हांलाकि होड के चलते किसी ने भी प्रत्याशी चयन नहीं किया है जहाँ भाजपा में पुराने प्रत्याशी को लेकर बहुत ज्यादा विरोध है तो वही कांग्रेस में नये दावेदारो के जोरदार इंट्री ने प्रत्याशी चयन को लम्बा खिंच लिया है।ऐसे में विन्द्रानवाढ सीट में अब टिकट वितण को लेकर भी तक सस्पेंश बना हुआ है।

कांग्रेस भाजपा समर्थको का आप का दामन थामने से समीकरण बिगड़ रहा

विन्द्रानवागढ़ में कांग्रेस भाजपा के लिये आम आदमी पार्टी सरदर्द बन गया है पहले कांग्रेस के समर्थको ने पार्टी छोड़ आप का दामन थाम लिया तो बीते रविवार को फिर से कांग्रेस के दो और भाजपा के 28 यादव समर्थको को आप विस प्रभारी मनोज मिश्रा और ब्लाक अध्यक्ष योगेन्द्र यादव ने पार्टी की सदस्यता दिलायी। आप की सक्रीयता और भाजपा कांग्रेस के समर्थको का लगातार पार्टी छोड़ने से जनता विन्द्रानवागढ़ का समीकरण बदलने का कयास लगा रहे है।

लेटरपेड को लेकर माली समाज में आरोप प्रत्यारोप जारी

पण्डरा माली समाज में इन दिनो समाज के समर्थन का लेटर पेड देने का मामला तुल पकड़ा है समाज के कुछ लोगो का आरोप है कि सभापति और सचिव ने समाज को संज्ञान में लिये वगैर कांग्रेस के 3और भाजपा के 2 दावेदार को समर्थन पत्र दिया है जिसे लेकर कुछ पहले कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष के बयानबाजी को लेकर समाज प्रमुख ने नाराजगी जाहिर की है तो वही समाज के बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष ने माफी भी मांगी है। समाज के समर्थन पत्र का एक से अधिक दावेदारो को देने को लेकर बैठक का दौर भी जारी है।

आदिवासी भवन के एक कक्ष में पांच साल से लग रहा स्कूल

स्वीकृत अतिरिक्त कक्ष दस साल में नही बना तो वही मरम्मत का 8 लाख चालीस हजार भी सरपंच सचिव हडप गये

जोहार छत्तीसगढ़- गरियाबंद।

प्राथमिक शिक्षा को लेकर शासन प्रशासन भले ही लाख दावे करते हो पर देवभोग के फुलीमुडा में संचालित प्राथमिक स्कुल सरकार के हर दावे का पोल खोल रहा है। यहां के बच्चे उधार के आदिवासी सामुदायिक भवन के एक कक्ष में पढ़ने को मजबूर है। बीते पांच साल से गांव का स्कुल खुद का भवन नहीं होने से एक कक्ष में लग रहा है। ऐसे में भला देश का भविष्य कैसे गढ़ा जा सकता है। बीते दस साल में दो सरकार बने ग्रामीणों ने इस बीच कई बार जनप्रतिनिधि और प्रशासन को समस्या से अवगत कराया किसी ने सुध नहीं ली तो अब ग्रामीणो में आक्रोश है।

ना अतिरिक्त कक्ष बना और ना ही मरम्मत हुआ राशि का अता पता नहीं

फुलीमुड़ा प्राथमिक शाला का भवन जर्जर हो गया तो शासन ने यहां अतिरिक्त कक्ष के 4 लाख 70 हजार स्वीकृत किये ग्रामीणों का आरोप है ऐजेंसी ग्राम पंचायत ने पांच साल से अधूरा छोड़ा है ऐसे में फुलीमुडा का प्राथमिक शाला जर्जर भवन के चलते कुछ दिन पेड़ के निचे लगा। फि र स्कुल संचालन के लिये आदिवासी सामुदायिक भवन को उधार में लिया गया। और यहां पिछले पांच साल से प्राथमिक शाला इसी भवन में संचालित हो रही है बीते पांच सालो में ना तो शासन प्रशासन ने झांक देखा और ना ही जनप्रतिनिधि ने सुध ली।

ग्रामीणों का धैर्य टुटा प्रशासन को एक हप्ते का अल्टीमेटम

फु लीमुडा के ग्रामीणो का आरोप है अतिरिक्त कक्ष निर्माण को दस साल इंतजार किया वही मरम्मत के पांच साल को भी सहा और अंततः एसडीएम,विधायक ज्ञापन सौंप सात दिन के भीतर मरम्मत कराने की मांग की है। सप्ताहभर में जर्जर स्कुल भवन का मरम्मत नही हुआ तो ग्रामीण स्कुल लग रहे सामुदायिक भवन में ताला जड़ेंगे और चक्काजाम कर सडक आंदोलन पर उतरेंगे।

सचिव ने ग्रामीणों के आरोप को बताया कहा विभाग ने नहीं दिये शेष राशि

ग्राम पंचायत निष्टीगुडा के सचिव हस्ताराम यादव ने कहा जर्जर स्कुल भवन के मरम्मत के लिये स्कुली शिक्षा विभाग ने 20 सितम्बर 2021 को 4.70 लाख स्वीकृत किये थे जिसमे पंचायत को 1.88 लाख प्रथम किश्त मिले जिसके एवज में ग्राम पंचायत ने लेंटर लेवल तक कार्य कर दिया है शेष बचत राशी नही मिलने के कारण निर्माण अधूरा है। वही अतिरिक्त कक्ष के लिये स्वीकृत 8.40 लाख की हड़पने के आरोप को गलत बताया। कई बार पत्राचार के बाद भी विभाग ने द्वतीय किश्त नही दिये और ना किसी जबाबदार ने ध्यान दिया।

थाना प्रभारी चक्रधरनगर ने चेंबर ऑफ कामर्स, रोटरी क्लब और व्यापारियों की मीटिंग लेकर CCTV लगवाने किया जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।

बैंक, एटीएम एवं प्रतिष्ठनों की सुरक्षा को लेकर रायगढ़ एसएसपी सदानंद कुमार बेहद गंभीर है । गत दिनों हुये बैंक डकैती की वारदात के बाद एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर पुलिस ने बैंक/एटीएम, सराफा दुकानों की नियमित जांच के साथ पेट्रोलिंग बढा दिया गया है । वहीं अपराध पर लगाम लगाने और लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से लोगों को उनके प्रष्ठिनों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का आग्रह किया जा रहा है । इसी क्रम में कल दिनांक 25.09.2023 को थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा चक्रधरनगर क्षेत्र स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के संचालक, चेंबर ऑफ़ कामर्स व रोटरी क्लब के सदस्यों के साथ थाने में बैठक आहूत किया गया जिसमें उन्होंने व्यापारियो को अपने दुकान, प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ-साथ संस्थान के बाहर आम रास्ते पर फोकस करते हुए सीसीटीवी लगाने के लिए अपील किया गया । बैठक में शहर सुरक्षा के प्रति प्रमुख चौक-चौराहे में जनसहयोग से अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगवाने को लेकर भी चर्चा किया गया । थाना प्रभारी बताये कि जिले में कई घटनाओं के पर्दाफाश में सीसी कैमरों की अहम भूमिका रही है, इससे प्रतिष्ठान सुरक्षित रहता है और असामाजिक तत्व भी खौफजदा रहतें है और दुर्भाग्यवश किसी प्रकार की घटना होने पर पुलिस को वर्कआउट करने में आसानी होती है । मीटिंग में व्यापारियों तथा चेंबर एवं रोटरी क्लब के सदस्यों से कई महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुये, उन्होंने सीसीटीवी लगाने की पुलिस के अपील का स्वागत कर शहर सुरक्षा में हर संभव मदद की बात कही गई है ।

शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर चलायी जा रही विभिन्न योजनाएं

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दी जिलेवासियों को 131.68 करोड़ के 691 कार्यों की सौगात

रायगढ़। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज अपने रायपुर निवास कार्यालय में राज्य के 26 जिलों में 6080 करोड़ रूपए की लागत के 7 हजार 300 विभिन्न विकास कार्यो का वर्चुअल लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें रायगढ़ जिले के 131 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत के 691 कार्य शामिल है।

इनमें 46 करोड़ 1 लाख रूपए की लागत के 157 भूमिपूजन कार्य और 34 करोड़ 37 लाख रूपए की लागत के 464 लोकार्पण तथा 51 करोड़ 30 लाख के 70 शिलान्यास के कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' ध्येय वाक्य के साथ आम जनता के आय में वृद्धि करने के साथ-साथ लगातार अधोसंरचना का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही किसान, मजदूर, युवाओं-महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गो के उत्थान और कल्याण के लिए अनेक जन हितैषी कार्य चलाए जा रहे हैं, जिनकी चर्चा पूरे देश में हो रही है।

कलेक्ट्रेट के सृजन सभा कक्ष में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में महापौर श्रीमती जानकी काटजू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल, कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी, जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

आयोजित लोकार्पण भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में आज मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 11.16 करोड़ के 119 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 9.73 करोड़ के 5 कार्य, नगर पालिक निगम में 2.86 करोड़ के 10 कार्य, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के 22.26 करोड़ की 23 भूमिपूजन कार्य शामिल है।

इसी प्रकार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 4.73 करोड़ के 48 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 21.69 करोड़ के 2 कार्य, नगर पालिक निगम के 6.07 करोड़ के 12 कार्य, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के 6.32 करोड़ के 3 तथा आदिवासी विकास विभाग के 12.49 करोड़ के 5 शिलान्यास कार्य शामिल है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 3.28 करोड़ के 32 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 6.73 करोड़ के 3 कार्य, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 93 लाख के 3 कार्य, नगर पालिक निगम के 1.19 करोड़ के 3 कार्य, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के 73 लाख के 2 कार्य, वन विभाग के 1.14 करोड़ के 5 कार्य तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के 20.37 करोड़ के 416 लोकार्पण कार्य शामिल है। इसी तरह जिले में 131.68 करोड़ के कुल 691 कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण तथा शिलान्यास कार्य मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा किया गया।

मोटर सायकल में गांजा तस्करी करते 4 युवकों को लैलूंगा पुलिस ने किया गिरफ्तार

आरोपियों से 3 किलो गांजा और होंडा साइन मोटर सायकल जप्त, कोडासिया-राजपुर रोड़ में घेराबंदी कर पकड़ी लैलूंगा पुलिस

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।

25 सितंबर 2023 के शाम लैलूंगा पुलिस ने मोटर साइकिल में गांजा का तस्करी करते हुए चार युवकों को कोडासिया-राजपुर रोड़ में घेराबंदी कर पकड़ा गया है । कल दोपहर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज को ग्राम गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चार युवक एक होण्डा साईन मोटर सायकल में अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु परिवहन करते उडिसा से लैलूंगा कोडासिया की ओर आ रहे हैं । इस पर लैलूंगा स्टाफ द्वारा कोडासिया-राजपुर रोड़ में घेराबंदी कर आरोपियों को धर दबोचा।

आरोपित युवकों को पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम शत्रुघन महंत पिता साहेब दास महंत उम्र 33 वर्ष, राम गोपाल यादव पिता स्व प्रताप राम यादव उम्र 22 वर्ष, रूपसिंह कवंर पिता

एतवार सिंह कंवर उम्र 27 वर्ष साकिन बडेबांका थाना कटघोरा, बजरंग दास मानिकपुरी पिता स्व ज्ञानदास मानिकपुरी उम्र 25 वर्ष साकिन बरभांटा थाना कटघोरा जिला कोरबा बताया गया। उनके पास रखे थैला के अंदर 1-1 किलो का 3 नग पैकेट में अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ जिसका तौल कराने पर कुल 3 किलो गांजा कीमती 36,000/- रूपये पाया गया । आरोपियों को विधिवत नोटिस देकर अवैध गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन मोटर सायकल होण्डा साईन क्रमांक छ्त्त -12-BA-1480 कीमती 20,000/- रूपये को जब्त किया गया। मामले में लैलूंगा पुलिस ने चारों आरोपियों पर नारकोटिक्स एक्ट (धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट) के अनुसार कार्रवाई करते हुए रिमांड पर भेजा गया है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के प्राप्त दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेव एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर कार्रवाई में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम, प्रधान आरक्षक जयशरण चन्द्रा, हेलारियुस तिर्की, सुमित एक्का शामिल रहे।

सफलता की कहानी

अपने हुनर को गढ़ सुखदेव और तुकाराम बने उद्यमी, 8-10 लाख रूपये की उत्पादों की कर चुके ब्रिकी,

युवाओं के सपने को साकार कर रही रीपा योजना

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।

रीपा का ग्रामीण अंचल में बेहतर प्रतिसाद देखने को मिल रहा हैं, यहीं कारण है आज रीपा से जहां ग्रामीण युवाओं को व्यापार के नए अवसर मिल रहे हैं, तो दूसरी ओर रोजगार के मार्ग भी खुल रहे हैं। आज रीपा के प्रारंभ होने से पढ़े-लिखे युवा आज नौकरी के अलावा स्वयं के व्यापार की ओर भी रूख कर रहे हैंए इसकी एक बानगी सुखदेव और तुकाराम के रूप के देखने को मिली। जिन्होंने अपनी शिक्षा और हुनर को ही अपना व्यवसाय बनाया। कुछ समय पहले तक मजदूरी करने वाले दोनों दोस्तो आज अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर अन्य लोगों को भी रोजगार देने का कार्य कर रहे हैं।

मैकनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा की पढ़ाई किए तुकाराम डनसेना रायगढ़ जिले के खरसिया ब्लॉक के भुवदेवपुर रीपा केंद्र में फेब्रिकेशन वेल्डिंग इकाई का सफलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। पहले घर में फेब्रिकेशन का कार्य करते थे, इस दौरान उन्होंने स्वयं का व्यापार करने की सोचा और रीपा के प्रारंभ होने से उन्हें एक सुनहरा अवसर मिला। उन्होंने पीएमईजीपी योजना का लाभ लेते हुए 10 लाख का लोन लेकर फेब्रिकेशन व्यवसाय प्रारंभ किया। आज उन्होंने बीते सात-माह माह में 8 लाख 40 हजार तक की बिक्री कर 2.60 लाख तक शुद्ध मुनाफा कमा चुके। वर्तमान में उन्हें लोकल बाजार एवं पंचायत इत्यादि कार्य का भी आर्डर प्राप्त हुआ है, जिससे इनके आय में 3 लाख रुपये की और बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही डनसेना ने अपने बचत पैसे से पेवर ब्लॉक इकाई का कार्य भी शुरू किया। जिसमें उनका साथ राजमिस्त्री का कार्य चुके सुखदेव चौहान ने दिया। उन्होंने दो माह में पेवर 1 लाख 70 लाख की बिक्री कर 60 हजार का मुनाफा प्राप्त कर चुके हैं। वही इससे जुड़कर ग्रामीण युवा अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना रीपा से न केवल ग्रामीणों के जीवन में परिवर्तन आया हैए बल्कि उनके सफल उद्यमी बनने के सपने भी साकार हो रहे हैं। केवल खेती-किसानी और मजदूरी तक सीमित रहने वाले किसान भी रीपा योजना से जुड़कर उद्यम की ओर बढ़ रहे है। रीपा योजना के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नये-नये व्यवसाय की जानकारियां लेकर इनकी बारीकियां सीख रहे हैं। अपने हुनर को गढ़ उद्यमिता की सफर तय कर रहे हैं और लाभान्वित हो रहे हैं।

शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व छत्तीसगढ़ की संस्कृति हमारी प्राथमिकता-मुख्यमंत्री

एक क्लिक में मुख्यमंत्री ने जिले को दी 734 करोड़ 60 लाख 48 हजार के विकास कार्यों की सौगात

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सिंगल क्लिक में सूरजपुर के जिलेवासियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 734 करोड़ 60 लाख 48 हजार के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। जिनमें मुख्यमंत्री बघेल द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत किए जा रहे 259 विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया गया। जिसकी लागत 734 करोड़ 60 लाख 48 हजार है। इन कार्यों में 225 करोड़ 52 लाख 1 हजार राशि के 166 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 509 करोड़ 8 लाख 47 हजार राशि के 93 विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में बताया कि कैसे राज्य शासन नवा छत्तीसगढ़ के सतत विकास की दिशा में कार्य कर रही है। 26 जिलों में संपन्न हुए वर्चुअल कार्यक्रम में उन्होंने सूरजपुर जिले का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने आदिवासी बाहुल्य और दूरस्थ अंचल के क्षेत्र में विशेष फोकस करना शासन की प्राथमिकता की श्रेणी में है। उन्होंने आगे कहा किसान, मजदूर और लघु वन उपज संग्रहक को हमारी योजनाओं से निःसंदेह लागू है। शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार और छत्तीसगढ़ की संस्कृति शासन की प्राथमिकता है। सभी लोग आर्थिक रूप से संपन्न बने

225 करोड़ 52 लाख राशि के 166 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व 509 करोड़ 8 लाख 47 हजार राशि के 93 कार्यों का हुआ भूमिपूजन

ताकि शासन के नया छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्प शीघ्र पूर्ण हो, इसके लिए समावेशी विकास की अवधारणा को छत्तीसगढ़ शासन अपना रही है। छत्तीसगढ़ के सभी लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मजबूत कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किए जाने वाले लोकार्पण कार्यों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अंतर्गत मनरेगा कार्य के तहत विभिन्न स्थानों में बाजार शेड, पुल.पुलिया, स्टॉप डेम, चेक डेम, पहुंच मार्ग, आंगनबाड़ी भवन, पंचायत भवन जैसे 26 निर्माण कार्य शामिल है। जिसकी कुल लागत 3 करोड़ 63 लाख 89 हजार है। इसी प्रकार महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क अंतर्गत 2 करोड़ 39 लाख 40 हजार के 12 पंचायतों में प्रशिक्षण भवन निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु 4 करोड़ 50 लाख 51 हजार के 20 कार्य, लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़क अंतर्गत 83 करोड़ 21 लाख 71 हजार की लागत के कुल 73 कार्य, लोक निर्माण विभाग सेतु अंतर्गत 18 करोड़ 6 लाख 3 हजार की लागत के पुल निर्माण के 02 कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 88 करोड़ 97 लाख 75 हजार की लागत से नवीन सड़क निर्माण व नवीनीकरण संधारण के 7 कार्य, मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत प्रेमनगर, भटगांव व प्रतापपुर विधानसभा में कुल 2 करोड़ 35 लाख 2 हजार की लागत से सीसी सड़क सह नाली निर्माण के 3 कार्य, जल संसाधन संभाग सूरजपुर अंतर्गत 9 करोड़ 56 लाख 63 हजार की लागत से जिले में जलाशय जीर्णोद्धार के 05 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग अंतर्गत प्रतापपुर विकास खण्ड में 19 लाख 97 हजार की लागत से 01 सामुदायिक भवन निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग 6 करोड़ 01 लाख 44 हजार 12 कार्य, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल परियोजना उपसंभाग सूरजपुर अंतर्गत 41 लाख 67 हजार की लागत से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नवीन शाखा देवनगर हेतु 01 भवन जीर्णोद्धार कार्य व 10 लाख 92 हजार की लागत से कार्यालय कलेक्टर परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की आदमकद प्रतिमा स्थापना 01 कार्य, आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत कुल 3 करोड़ 44 लाख 48 हजार की लागत का 01 पोस्ट मैट्रिक व 01 प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास निर्माण एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड अंतर्गत 2 करोड़ 73 लाख 33 हजार की लागत का लटोरी में 33ध्11 केण्व्ही विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कार्य शामिल है।

इसी प्रकार भूमि पूजन कार्यों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास अंतर्गत मनरेगा कार्य के तहत 2 करोड़ 03 लाख 65 हजार की लागत से विभिन्न स्थानों में मुक्तिधामए सीसी रोडए सामुदायिक जल संचयन तालाबए बाजार शेडए पुलिया निर्माण जैसे 18 निर्माण कार्य शामिल है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत 4 करोड़ 58 लाख 24 हजार रूपए के 06 भवन निर्माण कार्यए लोक निर्माण विभाग ;भवन एवं सड़क द्ध अंतर्गत 157 करोड़ 47 लाख 82 हजार रूपए की लागत के कुल 28 कार्यए लोक निर्माण विभाग सेतु अंतर्गत 23 करोड़ 67 लाख 72 हजार रूपए की लागत के पुल निर्माण के 04 कार्यए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 28 करोड़ 4 लाख 19 हजार रूपए की लागत से वृहद पुलिया निर्माण व नवीनीकरण संधारण के 10 कार्यए मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत कुल 5 करोड़ 44 लाख 55 हजार रूपए की लागत से सीसी सड़क सह नाली 9 निर्माण के कार्यए लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग 277 करोड़ 04 लाख 89 हजार 08 कार्यए जल संसाधन संभाग सूरजपुर अंतर्गत 5 करोड़ 58 लाख 21 हजार रूपए की लागत से जिले में जलाशय जीर्णोद्धार के 04 कार्यए छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अंतर्गत 1 करोड़ 93 लाख 68 हजार रूपए की लागत से जिले के 4 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 6.6 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्यए आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत 3 करोड़ 25 लाख 52 हजार रूपए की लागत से बालक आश्रम भवन निर्माण के 02 कार्य शामिल हैं।

कार्यक्रम में सरगुजा विकास प्राधिकरण अध्यक्ष व प्रेमनगर विधायक श्री खेलसाय सिंहए संसदीय सचिव व भटगांव विधायक श्री पारसनाथ राजवाडेए जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नरेश राजवाड़ेए नगर पालिका अध्यक्ष श्री केण्केण् अग्रवालए नगर पंचायत जरही अध्यक्ष श्री बीजूदासनए ;उपभोक्ता संरक्षण फॉरमद्ध श्री सुभाष गोयलए श्रीमती भगवती राजवाड़ेए श्रीमती त्रयासों बाई जनपद अध्यक्षए कलेक्टर श्री संजय अग्रवालए पुलिस अधीक्षक श्री आईण्कल्याण एलेसेलाएजिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम अन्य जनप्रतिनिधि व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

एक नजर

आंगनबाड़ी महिला कार्यकर्ताओं को वितरित किये मोबाईल फोन

जोहर छत्तीसगढ़-सूरजुपर।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समय की मांग अनुसार सूचना प्रोद्योगिकी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर के समस्त कार्यों को ऑनलाईन प्रविष्टि करने के उद्देश्य से पोषण ट्रेकर एप्प विकसित किया गया है। इस एप्प के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर संधारित समस्त पंजीयों को समाप्त कर केन्द्र की समस्त जानकारी ऑनलाईन किये जाने के उद्देश्य से संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाईल फोन प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। भटगांव विधान सभा अंतर्गत क्षेत्र के विधायक पारसनाथ राजवाड़े द्वारा भैयाथान के मंगल भवन में परियोजना भैयाथान एवं ओडगी के कार्यकर्ताओं को मोबाइल वितरण किया गया। इस अवसर पर दुर्गा सारथी, मदनेश्वर साहू, रावेंद्र प्रताप सिंह,राजू गुप्ता,नूर आलम परियोजना अधिकारी भैयाथान एवं ओडगी समस्त पर्यवेक्षक, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, विभागीय अमला एवं बड़ी संख्या में आम जन मानस उपस्थि रहें।

सुनार कारीगर संघ देवभोग के कार्यकारीणी गठित

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

बीते 24 सितम्बर को देवभोग मण्डी में देवभोग गंगराजपुर, घूमरगुड़ा, सीनापाली कुम्हड़ई खुर्द,लाटापारा, बांडी गांव, के सुनार कारीगर के सदस्यो की बैठक हुयी। इस बैठक सुनार कारीगर संघ को सशक्त बनाने के लिए संघ के पदाधिकारियो की नियुक्ति की गयी जिसमें चंदन सोनी को संघ का अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। वही रमेश सोनी संरक्षक, डोवेंद्र सोनी सचिव, जितेंद्र सोनी कार्यकारी अध्यक्ष,अनिल सोनी, खिरसिंदुर सोनी,उमाशंकर सोनी, उपाध्यक्ष रुद्र नारायण सोनी संचालक, खिरसोनी कोषाध्यक्ष, मोहंत सोनी सहसचिव, हेमधर, यशवंत, खेमचंद,बालेश, सोशल मीडिया एवं मीडिया प्रभार,उपेंद्र सोनी, श्याम चरण सोनी, अजय सोनी, श्याम सुंदर सोनी,रुबेन सोनी, डी कृष्णा कार्यकारिणी सदस्य, नरहरि, गोकुल, सुभाष,डोमान, मुकेश, बसंत, परमेश्वर, प्रताप, मानसिंह, निरंजन, अरविंद, भोला, बनाये गये।

बैठक में केन्द्र सरकार के योजनाओ पर चर्चा

सुनार संघ के गठन के समय बैठक में केन्द्र सरकार ने विश्वकर्मा योजना की चर्चा की गयी। इस योजना का लाभ दिलाने सुनार संघ का एक प्रतिनिधि मण्डल कल सीईओ से मिलेगा वही सुनार संघ देवभोग ने केन्द्र सरकार के योजना का तारीफ करते हुये धन्यवाद प्रस्ताव भी पारित किया।

बिजली विभाग के लापरवाही से एक ठेकाकर्मी की मृत्यु व दो घायल

विद्युत सब स्टेशन देवकर का भीम रेजिमेंट के कार्यकर्ता ने किया घेराव

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले का देवकर बिजली विभाग का पुरा मामला, बिजली विभाग के लापरवाही से एक ठेकाकर्मी की मृत्यु व घायल कर्मी दोनो को आर्थिक मुआवजा व सरकारी नौकरी एवं दोषी अधिकारी पर कार्यवाही करने के संबंध में भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ ब्लॉक इकाई साजा के नेतृत्व में विद्युत सब स्टेशन देवकर का घेराव किया गया। 25 सितंबर 2023 को देवकर सब स्टेशन में कर्मी छन्नू गोंड पिता बुधराम व किशन धुर्वे पिता हेमु धुर्वे विभाग/स्टेशन के आदेश अनुरूप बिजली पोल पर कार्य कर रहा था इस दौरान कार्य अपूर्ण स्तिथि में अधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त बिजली पोल में करंट प्रवाहित कर दिया जिससे घटना स्थल पर छन्नू गोंड का मृत्यु हो गया और किशन धुर्वे घायल अवस्था में हॉस्पिटल में भर्ती है। मृत व्यक्ति के परिवार को 50 लाख की मुआवजा राशि व परिजन को सरकारी नौकरी दिया जाए साथ ही घायल किशन धुर्वे का संपूर्ण

मृत्यु व घायल कर्मी को आर्थिक मुआवजा व सरकारी नौकरी एवं दोषी अधिकारी पर कार्यवाही मांग की

ईलाज निःशुल्क व उनके जीवकोपार्जन हेतु सरकारी नौकरी सह 25 लाख मुआवजा राशि प्रदान किया जाए। उक्त मांगों को जल्द से जल्द पूरा करे वरना भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ ब्लॉक इकाई साजा के द्वारा उग्र आंदोलन और देवकर में चक्का जाम किया जायेगा जिसका पूर्ण जिम्मेदार शासन प्रशासन की होगी। जिसमे भीम रेजिमेंट जिला प्रभारी बेमेतरा रेखराम सोनवानी,जिला अध्यक्ष अविनाश घृतलहरे,जिला कार्य.अध्यक्ष हेमंत बंजारे,साजा ब्लॉक उपाध्यक्ष आत्मा टंडन,देवकर सेक्टर प्रभारी लाकेश्वर भारती,सेक्टर अध्यक्ष ताराचंद चतुर्वेदी,जितेंद्र कुर्रे,गुलशन बंजारे,ओमप्रकाश महिलांगे,साहिल महिलांगे,लवकुश टंडन,खिलेश्वर टंडन, संतन चतुर्वेदी,योगेश बारले,ईश्वर चतुर्वेदी,सुनील बारले,संजू बारले,कैलाश चतुर्वेदी,गजानंद टंडन,विमल चेलक,राजा चतुर्वेदी,राजेश बारले एवं भीम रेजिमेंट के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

पीएससी भर्ती पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक मुख्यमंत्री जांच कब करेंगे - ओपी चौधरी

* भाजपा ने लगातार भर्ती प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

हाई कोर्ट द्वारा पीएससी की चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए 13 नियुक्तियों पर रोक लगाए जाने के बाद प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने सूबे के मुखिया भूपेश बघेल से पूछा तथ्य मिलने पर जांच की बात कहने वाले अब कौन क्यों है। तथ्य मिलने के बाद जांच की बजाय भूपेश सरकार का मौन संदेहों को जन्म दे रहा है। भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा बतौर विपक्ष 2021 छत्तीसगढ़ पीएससी परिणाम में घोटाले संबंधी जानकारी सामने लाती रही स विपक्ष धर्म का पूरी शिद्दत से निर्वहन करते हुए भाजपा ने बकायदा पीएससी से जुड़े चेयरमैन एवं कांग्रेस से जुड़े संगे सबंधियो नाते रिश्तेदारों के नाम भी उजागर करते हुए तथ्य भी रखे लेकिन भूपेश सरकार जांच की बजाय भर्ती स्कैम में शामिल रही। चौधरी ने कहा लाखो रुपयों की रिश्वत देकर अयोग्य लोग संवैधानिक पदों पर आयेगे तो भ्रष्टाचार को प्रोत्साहन मिलेगा और आम छत्तीस गढ़िया के अपने चकनाचूर होंगे। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अपने चहेतों का चयन अलगद-अलग पदो पर करवाया है। छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ धोखाधडी की गई है। पिछले महीने पीएससी के जारी परिणामों में 15 ऐसे लोग चयनित हुए जिनका संबंध किसी न किसी रूप में कांग्रेस के नेताओं से एवम पीएससी के वर्तमान चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी से जुड़ा हुआ है। भाजपा की ओर से उनके द्वारा यह मामला उठाए जाने पर कांग्रेस ने राजनीति करने का आरोप लगाए हुए सबूत मांगे। हाई कोर्ट की टिप्पणी को सबसे बड़ा सबूत बताते हुए ओपी ने कहा मुख्यमंत्री को इस मामले में जांच की घोषणा करनी चाहिए अन्यथा जनता यह माना लेगी कि सरकार की सरपरस्ती में घोटाले को अंजाम दिया गया है। मिडिया रिपोर्ट्स के हवाले से भाजपा नेता ने कहा टामन सिंह सोनवानी के परिवार से एक दो नहीं बल्कि पांच पांच लोगों की नियुक्ति पीएससी में की गई है। टामन सिंह के बेटे नितेश और बहु निशा की नियुक्ति डिप्टी कलेक्टर के पद में हुईए बड़े भाई के बेटे साहिल की डीएसपी,भाई की बहू दीपा की आबकारी अधिकारी और बहन की बेटी सुनीता की श्रम अधिकारी के पद पर नियुक्ति मिली है। सभी अभ्यर्थियों के नाम के आगे का उपनाम अर्थात सरनेम जानबूझ कर छुपाया गया ताकि भेद न खुल सके। डिप्टी कलेक्टर के पद में 13 और नियुक्तियां हुई को शक के दायरे में है। राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो के बेटे बेटी नेहा खलखो और निखिल खलखो का चयन डिप्टी कलेक्टर के पद में हुआ। कांग्रेस नेता के ओएसडी के रिश्तेदार की बेटी प्रज्ञा नायक, प्रखर नायक, कांग्रेस नेता के ओएसडी के साढ़ू की बेटी खुशबू बिजोरी, कांग्रेस नेता सुधीर कटियार के दामाद शशांक गोयल, बहु भूमिका कटियार, कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला के बेटे स्वर्णिम शुक्ला इन सब के नाम पीएससी की सूची में शामिल है। मामले की संज्ञान में आते ही माननीय हाई कोर्ट में सभी की नियुक्ति पर रोक लगा दी है।

पुलिस अधीक्षक की समाधान मुहिम को बदनाम करने में लगे पुलिस कर्मचारी

बेमेतरा पुलिस अपने आप को समझ बैठे न्यायालय, मामला का तुरंत थाने में ही सुना देते फैसला

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



एक ओर पुलिस अधीक्षक लगातार अपराध पर लगाम लगाने समाधान की मुहिम चलाकर काफी हद तक अपराध पर अंकुश तो लगा रहे हैं वही दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक के कार्यशैली को बदनाम करने थाना प्रभारी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। बहर हाल पूरा मामला है बेमेतरा थाना क्षेत्र अंतर्गत के बालसमुद में एक छोटी सी कपड़ा व्यापारी को फोन कर जाति पुछकर मां बहन की अश्लील गाली गलौज करने की लिखित शिकायत दर्ज 11 सितंबर 2023 को सिटी कोतवाली बेमेतरा में दर्ज कराने के उपरांत थाना प्रभारी द्वारा साईबर सेल में उक्त नम्बर को जांच हेतु भेज दिया गया था। जिसमें फोन धारक का नाम व लोकेशन स्पष्ट होने के बावजूद भी आवेदक को गुमराह करने के नीयत से उल्टा थाना प्रभारी सलाह देते हैं की आप नवागढ़ थाना प्रभारी से बात करके उठवा लो कहा समझ में ये नहीं आया की सिटी कोतवाली बेमेतरा का प्रभारी नवागढ़ थाने का प्रभारी तो नहीं सम्हाल रहे। क्या उनको इस बात की जानकारी नहीं की जब उक्त व्यक्ति का लोकेशन स्पष्ट होने के बावजूद भी आवेदक को गुमराह करने का काम किया। वहीं फोन पर गालियां देने वाले लड़कों को नाबालिग है और इसमें अपराध दर्ज नहीं होता है कहते हुए आवेदक को गोल गोल घुमा रहा है। यदि ऐसा है तो चोरी छेड़ छाड़ जैसे कई अपराध पर बाल न्याय में क्यों डाला जाता है। एसडीओ साहब का कहना है की आप कोई भी वकिल को फोन करके जानकारी ले लो कह अपना सलाह दे रहे हैं। बेमेतरा पुलिस अपने आप को कोर्ट समझ बैठा है वहीं आवेदिका जैसे कई मामलों पर पुलिस ही कोर्ट बनकर फैसला करना शुरू कर दिया है। न्यायालय को खुली चुनौती बेमेतरा पुलिस द्वारा दिया जा रहा है।

लड़के नाबालिग हैं उसमें अपराध दर्ज नहीं हो सकता क्योंकि छोटे अपराध पर अपराध दर्ज नहीं होता है आप किसी भी वकिल से जानकारी ले लिजिए कहा।

मनोज तिर्की एस डी ओ पी बेमेतरा

कलेक्टर ने जिले के अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के संबंध में दी जानकारी

* सम्पत्ति विरूपण हटाने के संबंध में दिये आवश्यक दिशा निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

विधानसभा निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के संबंध में तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफि सर, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मैदानी स्तर के कर्मचारी एवं राजस्व निरीक्षक की बैठक ली गई। जिसमें उनके द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होते ही 24 घण्टे, 48 घण्टे, 72 घण्टे के भीतर की जाने वाली संपत्ति विरूपण हटाने की कार्यवाही के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। शासकीय सम्पत्ति, शासकीय कार्यालय से राजनैतिक संबद्धता के सभी विज्ञापन, बैनर पोस्टर, फ्लैक्सी,दीवार लेखन, राजनैतिक व्यक्तियों के फोटो आदि 24 घण्टे के भीतर हटाने की कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार सार्वजनिक स्थल जैसे.रेल्वे स्टेशन, बस स्टॉप, सड़क पुल के किनारे सरकारी खर्च पर लगाये गये होर्डिंग, राजनैतिक विज्ञापन, राजनीति में सक्रिय व्यक्तियों के चित्र, संदेश वाले विज्ञापनए बिजली के खंभे एवं वृक्षों पर लगाये गये बैनर पोस्टरों को 48 घण्टे के भीतर हटाया जायेगा। निजी घरों में किये गये दीवार लेखन, राजनैतिक विज्ञापन को 72 घण्टे के भीतर हटाने की कार्यवाही की जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को अभी से ऐसे स्थानों को चिन्हित कर योजना बनाकर टीम का गठन करने के निर्देश दिये गये। जिससे समय सीमा के भीतर विरूपण हटाने की कार्यवाही की जा सके, इस हेतु मैदानी अधिकारी प्रत्येक गांव, प्रत्येक वार्ड का दौरा कर पंजी संधारण कर रखे कि किन.किन स्थानों से सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही की जानी है। उन्होने सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिये की 72 घण्टे के बाद जिले के सभी स्थानों से इस प्रकार के सम्पत्ति विरूपण दिखाई नहीं देना चाहिए।

आदर्श आचार संहिता लागू होते ही केन्द्र, राज्य के सरकारी उपक्रम, स्थानीय निकाय में राजनैतिक पदाधिकारियों को दी गयी शासकीय वाहन वापस लिये जायेंगेए शासकीय वाहन का दुरुपयोग नहीं होगा। सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य की सूची प्राप्त करेगें। कोई नया कार्य प्रारम्भ नहीं होगा। किसी भी प्रकार का शिलान्यास, भूमिपूजन, टेंडर नहीं होगी। सरकारी खर्चे पर सरकार की उपलब्धि संबंधी विज्ञापन जारी नहीं होगे। ऐसे विज्ञापन के प्रसारण पर तत्काल रोक रहेगी। आदर्श आचार संहिता लगते ही निर्वाचन व्यय की निगरानी करने वाली वाली समिति तत्काल सक्रिय हो जाएगी और कन्ट्रोल रूम, शिकायत प्रकोष्ठ तत्काल कार्य करना प्रारम्भ कर देंगी। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में कोई भी विज्ञापन बिना पूर्व प्रमाणन के प्रसारित नहीं होगें।

सभी अधिकारियों को निर्वाचन अवधि में प्रतिदिन सम्पत्ति विरूपण रोकथाम की जानकारी समय 3 बजे तक अनिवार्य रूप से जिला निर्वाचन कार्यालय को देने का निर्देश दिये गये। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभाकक्ष में आदर्श आचार संहिता के नोडल अधिकारी नरेन्द्र पैंकरा संयुक्त कलेक्टर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहें।

एनिमल से रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक जारी, सादगी के कायल हुए फैंस

साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना जल्द ही एक और बॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी. रश्मिका इस बार बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करने वाली हैं. एक्ट्रेस अपकमिंग फिल्म एनिमल की लीड हीरोइन हैं.फिल्म में वो गीतांजलि का किरदार निभाती नजर आएंगी. आज एनिमल से से रश्मिका का फर्स्ट लुक जारी हो गया है. एक्ट्रेस सिल्क साड़ी पहने काफी संस्कारी अवतार में नजर आ रही हैं. रश्मिका के इस लुक को देख फैंस भी इम्प्रेस हो गए हैं.

बीते कुछ दिनों से मेकर्स एनिमल के पोस्टर जारी कर रहे हैं. पहले रणबीर कपूर के लुक सामने आए थे. इसके बाद दिग्गज एक्टर अनिल कपूर का फर्स्ट लुक देखने को मिला था।

अमिका शैल अमेजोन की बिल्डर्स वेब सीरीज में दर्शकों को मोहित करेंगी

अभिनेत्री अमिका शैल एक बार फिर अपनी नई हास्यपूर्ण भूमिका में दर्शकों को मोहित करने के लिए तैयार हैं, वह आने वाले अमेज़न वेब सीरीज़ बिल्डर्स में नई भूमिका निभाएंगी। इस बेहद प्रत्याशित कॉमेडी-ड्रामा का निर्माण आनंदेश्वर द्विवेदी, प्रशांत कुमार, और विकास शर्मा द्वारा किया गया है, और इसका निर्देशन ललितम आनंद ने किया है। बिल्डर्स एक भारतीय शहर में एक सामान्य संघर्ष कर रहे जिम की कहानी है, जो नई सदस्यता सुनिश्चित करने की दुर्भाग्यपूर्ण चुनौती का सामना कर रहा है। स्वास्थ्य से लेकर मनोरंजन तक, जिम ब्रदर्स की सहयोग से हँसी तक, बिल्डर्स एक अनूठी यात्रा का वादा करता है। इस सीरीज़ का निर्माण द वायरल फीवर की एक इकाई द्वारा किया गया है, जिसे द स्क्रीन पटी के नाम से भी जाना जाता है। अमीका शैल, जो अपनी विविधता और करिश्माई व्यक्तित्व के लिए प्रसिद्ध हैं, बिल्डर्स के कलाकारों के साथ एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिसमें अंकित मोटघरे, स्वप्नील कोकम, अनुषा मिश्रा, विधुषी कौल, और अवतार गिल शामिल हैं। उनका जुड़ाव इस श्रृंखला को एक अद्वितीय और आनंददायक आयाम देने की उम्मीद है। अपनी उत्साह साझा करते हुए, अमिका ने कहा, बिल्डर्स पर काम करना पूरी तरह से मजेदार रहा है। स्क्रिप्ट में हास्य और दिल से भरपूर है, पूरी टीम में सभी बहुत ही प्रतिभाशाली हैं और सर्वोत्तम शो बनाने के बारे में उत्सुक हैं। मुझे यकीन है कि दर्शक पात्रों और उनकी हास्यपूर्ण गुप्तचरों से जुड़ेंगे, जिससे यह श्रृंखला देखने योग्य हो जाएगी। मैं दर्शकों का इसके प्रति लगाव देखने के लिए उत्सुक हूं। अमीका शैल सीरीज़ में एक फिटनेस उत्साही किरदार निभाएंगी, और उनका किरदार सीरीज़ में एक फिट मॉडल के प्रति प्यार में पड़ जाता है। मेरे सभी प्रशंसक जानते हैं कि मैं असल जीवन में एक फिटनेस उत्साही हूं। स्क्रीन पर भी अपने आप का एक हिस्सा बनाना खुशी थी। यह किरदार किसी भी तरह से साधारण नहीं है।

रिवीलिंग क्रॉप टॉप पहन नेहा मलिक ने चमकाया हुस्न

हॉटनेस दिखाई ऐसी की दिल हार गए फैंस

भोजपुरी क्वीन नेहा मलिक आए दिन अपनी बोल्डनेस और ग्लैमरस भरी अदाओं से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो अक्सर लोग उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल मचल दिया है।

एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने ड्रेसिंग सेंस के कारण फैंस के बच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट होते ही सोशल मीडिया पर तबाही मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री नेहा मलिक का खूबसूरत और किलर अवतार देखकर फैंस आहें भरने लगे हैं। नेहा मलिक ने फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर का रिवीलिंग क्रॉप टॉप और साथ ही पेंट पहनी हुई है। हाई हील्स, कानों में इयररिंग्स, बालों को खुला छोड़कर एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन फोटोज में एक्ट्रेस नेहा मलिक अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

प्रभास और नयनतारा 16 साल बाद फिर आए साथ, मांचू विष्णु की कन्नप्पा का बने हिस्सा

दक्षिण भारतीय सिनेमा की लेडी सुपरस्टार कही जाने वाली अभिनेत्री नयनतारा इन दिनों अपनी फिल्म जवान को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं।फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन से ही राज कर रही है तो दुनियाभर में इसका डंका बज रहा है।अब खबर आ रही है कि नयनतारा 16 साल बाद प्रभास के साथ फिल्मी पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं।कहा जा रहा है कि दोनों सितारे मांचू विष्णु की फिल्म कन्नप्पा का हिस्सा बनेंगे। बीते दिनों आई रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रभास विष्णु की फिल्म कन्नप्पा में अहम भूमिका निभाने वाले हैं।विष्णु ने एक्स

(पहले ट्विटर) पर प्रभास के उनके साथ काम करने वाली खबर को साझा करते हुए इस ओर इशारा किया था।अब कहा जा रहा है कि फिल्म में प्रभास के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए नयनतारा से संपर्क किया गया है। ओटीटी प्ले की रिपोर्ट के अनुसार, अभी अभिनेत्री ने इस प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

प्रभास के साथ पहले इस फिल्म में नुपुर सैनन नजर आने वाली थीं, लेकिन अब शुक्रवार को विष्णु ने घोषणा की कि शेड्यूल संबंधी दिक्कतों के कारण नुपुर ने फिल्म से किनारा कर लिया है।विष्णु ने कहा था कि अब उनकी टीम नई अभिनेत्री की तलाश में जुटी हुई है।अब नयनतारा के नाम को लेकर चर्चा जोरों पर हैं।

बॉलीवुड मेरी जिंदगी में अहम भूमिका निभाता है : विभव रॉय

पद्मावत, लष्टम पश्तम और रेड्रम- ए टेल ऑफ मर्डर जैसी बॉलीवुड फिल्मों में एक्टिंग के लिए पहचान बनाने वाले एक्टर विभव रॉय खुद को बॉलीवुड प्रेमी कहते हैं। एक्टर ने कहा, बॉलीवुड मेरे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और मैं बॉलीवुड का बहुत बड़ा फैन हूं। यह कोई नया प्यार नहीं है लेकिन तब से मैंने जीवन में चीजों को समझना शुरू कर दिया है। वैभव ने कहा, उदाहरण के लिए, जब भी मेरे जीवन में कोई घटना घटती है, तो मेरे दिमाग में एक बॉलीवुड संदर्भ होता है और इसे किसी न किसी बॉलीवुड सीन से जोड़ दिया जाता है। जब मैं अपने दोस्तों के आसपास होता हूं, तो मुझे इसे साझा करने में मजा आता है, अन्यथा मैं इसे अपने दिमाग में, अपने तक ही सीमित रखता हूं। गुस्ताख दिल, कुछ तो है तेरे मेरे दरमियां, मेरी सास भूत है जैसे कई टीवी धारावाहिकों में हीरो की भूमिका निभा चुके अभिनेता को लगता है कि बॉलीवुड एक कला के मूल्य को समझता है।

फुकरे 3 के लिए पंकज त्रिपाठी को मिली सबसे ज्यादा रकम

बॉ लीवुड की सफल कॉमेडी फ्रैंचाइजी में शुमार फुकरे की तीसरी किस्त 28 सितंबर को रिलीज के लिए तैयार है।फिल्म का ट्रेलर जारी होने के बाद से ही प्रशंसक भोली पंजाबन और फुकरे गैंग को बड़े पर्दे पर देखने के लिए काफी उत्सुक हैं।इस फ्रैंचाइजी की पिछली दोनों फिल्में अपना कमाल दिखाने में सफल रही थीं और अब इससे भी सभी को काफी उम्मीदें हैं।आइए जानते हैं फिल्म के लिए सितारों को कितनी फीस मिली है। पुलकित सम्राट पहली किस्त से ही फिल्म का हिस्सा हैं और हनी के किरदार में लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं।हनी चूचा का सबसे खास दोस्त है और दोनों एक ही

स्कूल में साथ पढ़े हैं।इस बार दोनों एक बार फिर भोली पंजाबन के सामने खड़े और चुनाव में उसे मात देने की कोशिश में जुटे हुए हैं।रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के लिए पुलकित को 2 करोड़ रुपये फीस मिली है।

फुकरे फ्रैंचाइजी की कहानी में वरुण शर्मा का किरदार बेहद खास और जरूरी है। वह चूचा की भूमिका निभा रहे हैं, जिसके सपने सच हो जाते हैं।हालांकि, उसके ये सपने फुकरे गैंग को कभी फायदा दिला देते हैं तो उन्हें मुसीबत में भी फंसा देते हैं।अब फुकरे 3 में भी ऐसा ही कुछ देखने को मिलेगा।रिपोर्ट्स के मुताबिक, वरुण को फिल्म के लिए पुलकित की तरह ही 2 करोड़ रुपये फीस दी गई है।

खेल

एशियाड में सेलिंग में नेहा ठाकुर ने सिल्वर जीता

भारत को 2 गोल्ड समेत 12 मेडल, टेनिस में अंकिता रैना क्वार्टर फाइनल में पहुंची

हांगझो। 19वें एशियन गेम्स में तीसरे दिन हांगझोउ में सेलिंग में नेहा ठाकुर ने 28 पॉइंट के साथ सिल्वर मेडल जीता। यह भारत का दिन का पहला मेडल है। इसके साथ ही भारत के एशियन गेम्स में अब 12 मेडल हो गए हैं। जिसमें दो गोल्ड शामिल है। वहीं अंकिता रैना टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। इससे पहले मंगलवार को भारत ने हॉकी में सिंगापुर को 16-1 से हराया। इसके अलावा, जूडो में दो खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

सोमवार को महिला विमेंस क्रिकेट टीम और शूटिंग में 10 मीटर टीम एयर राइफल में पुरुष टीम ने गोल्ड जीता था।

हॉकी- भारत ने सिंगापुर को मेडल की होड़ से किया बाहर

तीसरे दिन भारत ने एशियन गेम्स में हॉकी में सिंगापुर को 16-1 से हराकर अच्छी शुरुआत की। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह ने 4 और मंदीप सिंह ने 3 गोल किए। इनके अलावा वरुण कुमार, अभिषेक ने 2-2 गोल किए।

जूडो में दो खिलाड़ियों ने मेडल की उम्मीद को बरकरार रखा है। तूलिका मान 75 किलो वेट में क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। साथ ही, भारत के अवतार सिंह भी पुरुषों के 100 किग्रा क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला ऋश्व के

दजफर कोस्तोव से होगा।

भवानी देवी ने फेंसिंग में एशियन गेम्स में मेडल की उम्मीद को बरकरार रखा है। वह सैबर के इंडिविजुअल में प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं।

10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड में रमित और दिव्यांश सिंह को ब्रॉन्ज मेडल के इवेंट में हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, अभी 10 मीटर एयर पिस्टल में मेडल की उम्मीद बरकरार है। मनु भाकर का इवेंट अभी होना है।

टेनिस विमेंस सिंगल्स के तीसरे राउंड अंकिता रैन ने हॉन्गकॉन्ग की आदित्या करूणारत्ने को 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे दिन 6 मेडल आए, इनमें दो गोल्ड

एशियाड के दूसरे दिन भारतीय खिलाड़ियों ने 6 मेडल जीते। इनमें दो गोल्ड, 4 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारतीय महिला टीम और राइफल शूटिंग पुरुष टीम ने देश को गोल्ड दिलाए। शूटिंग और रोइंग से दो-दो ब्रॉन्ज मिले। पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों ने 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज सहित 5 मेडल जीते थे।

एक नजर

अफगानिस्तान टीम वर्ल्ड कप के लिए भारत पहुंची

29 सितंबर को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलेगी वार्म-अप मैच; 5 अक्टूबर से शुरू होगा टूर्नामेंट

वनडे वर्ल्ड कप के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट टीम मंगलवार (26 सितंबर) को भारत पहुंच गई। वर्ल्ड कप 2023 5 अक्टूबर से खेला जाएगा। अफगान टीम ने भारत पहुंचने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। टीम ने रवाना होने से पहले भी सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की थी। अफगानिस्तान का पहला मैच बांग्लादेश से है। उसका दूसरा मैच भारत से है। भारत-अफगानिस्तान के बीच 11 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मैच खेला जाएगा। अफगानिस्तान की टीम सेमीफाइनल से पहले आखिरी मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ 10 नवंबर को खेलेगी।

वर्ल्ड कप 2023 के लिए अफगानिस्तान स्क्वॉड

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल, अजमतुल्ला उमरजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान और नवीन उल हक।

वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर को होगी

वर्ल्ड कप के मौजूदा सीजन की शुरुआत 5 अक्टूबर को डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड मुकाबले के साथ अहमदाबाद से होगी।

पाकिस्तान टीम को भारत आने का वीजा मिला

ICC में शिकायत के कुछ घंटों बाद अप्रूवल आया; 29 सितंबर को वॉर्म-अप मैच खेलेगा पाक

पाकिस्तान क्रिकेट टीम को वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत आने का वीजा मिल चुका है। टीम 27 सितंबर को भारत आएगी। 29 सितंबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका वॉर्म-अप मुकाबला भी होगा। दरअसल, सोमवार सुबह भी पाकिस्तान टीम को भारत आने का वीजा नहीं मिला था। इस कारण पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल में इस बात की शिकायत कर दी थी। अब शिकायत के कुछ घंटे बाद ही टीम का वीजा अप्रूव हो गया।

ESPN क्रिकइंफो की खबर के मुताबिक, PCB ने ICC को पत्र लिखकर कहा था कि पाकिस्तान के साथ इस तरह का व्यवहार स्वीकार नहीं किया जाएगा। इससे पहले, पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने शुक्रवार तक भारतीय वीजा नहीं मिलने की वजह से दुबई के रास्ते भारत आने के प्लान को कैंसिल कर दिया था। अब पाकिस्तान की टीम सीधे हैदराबाद आएगी।

प्रैक्टिस मैच में कर्नाटक से हारी वर्ल्ड कप टीम नीदरलैंड

डच टीम का बेंगलुरु में लगा है कैम्प; सामरथ और पडिक्क ल ने खेली अर्धशतकीय पारी

नीदरलैंड टीम ने सोमवार (25 सितंबर) को भारत की घरेलू टीम कर्नाटक से प्रैक्टिस मैच खेला। कर्नाटक टीम ने वर्ल्ड कप खेलने आई नीदरलैंड की टीम को 142 रन से हरा दिया। कर्नाटक की टीम के लिए अधिकतर अनकैप्ड प्लेयर्स खेले। इसके बावजूद, टीम ने नीदरलैंड को हरा दिया। वनडे वर्ल्डकप 2023 में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं, नीदरलैंड उसी में से एक है। ये वर्ल्डकप का प्रैक्टिस मैच नहीं था। नीदरलैंड टीम अपना पहला वर्ल्डकप प्रैक्टिस मैच 30 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया और दूसरा

3 अक्टूबर को भारत के खिलाफ खेलेगी। वर्ल्डकप की तैयारियों के लिए नीदरलैंड टीम का पिछले कुछ दिनों से बेंगलुरु में कैम्प लगा है। कर्नाटक के खिलाफ अभ्यास मैच दौरान नीदरलैंड का बॉलिंग अटैक बेहतर रहा। उन्होंने कर्नाटक को 46 ओवर में 264 रन पर ऑलआउट कर दिया। नीदरलैंड की तरफ से विक्रमजीत सिंह और काइल क्लेन ने 3-3 विकेट हासिल किए। कर्नाटक के तरफ से आर.सामरथ ने 81 रन और देवदत्त पडिक्कल ने 56 रन बनाए।

मुख्यमंत्री बघेल ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 183 करोड़ रूपए के कार्यों का

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निवास कार्यालय रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम में 26 जिलों में 6080 करोड़ रुपए की लागत के 7300 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के लिए 183 करोड़ रूपए से बुनियादी अधोसंरचना के 336 निर्माण कार्य जैसे भवन, स्कूल, सड़क, पेयजल, जल जीवन मिशन आदि के 64 लोकार्पण, 194 भूमिपूजन, 55 शिलान्यास किया गया। कलेक्टोरेट सारंगढ़ में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चन्द्रदेव रायए उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा पदमा घनश्याम मनहर ने छत्तीसगढ़ महतारी का

पूजन किया।

सभाकक्ष में अतिथि राय और मनहर ने मुख्यमंत्री को सारंगढ़ के लिए हमेशा सहयोग करने, जिले के अधोसंरचना कार्यों को स्वीकृत करने और शिलान्यास, भूमिपूजन, लोकार्पण के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर राज्य गौसेवा आयोग के सदस्य पुरूषोत्तम साहू, जिला पंचायत रायगढ़ के सभापति अनिका विनोद भारद्वाज, नगरपालिका परिषद सारंगढ़ अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, जनपद पंचायत सारंगढ़ अध्यक्ष मंजू मालाकार सहित सूरज तिवारी, गोल्डी नायक, सरिता गोपाल, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, एसडीएम द्वय मोनिका वर्मा, डॉण् स्निग्धा तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान आदि उपस्थित थे।

एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के पीड़ित व्यक्ति अजा आयोग में कर सकते हैं फरियाद- अध्यक्ष केपी खाण्डे

अजा आयोग अध्यक्ष केपी खाण्डे ने जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खाण्डे ने उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा पदमा घनश्याम मनहर सहित विश्राम गृह सारंगढ़ में अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित योजनाओं, कार्यक्रमों आदि के संबंध में जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर सचिव बीएलएन् बंजारे उपस्थित थे। अध्यक्ष खाण्डे ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के महिला-पुरूष को गैर.अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति को जातिसूचक अपमान जनक संबोधन, गाली-गलौज आदि एट्रोसिटी कानून के तहत है। ऐसी घटना राज्य में कहीं पर घटती है। तो वो पुलिस थाना में कार्रवाई के लिए विधिवत एपफआईआर दर्ज कर सकते हैं साथ ही साथ अनुसूचित जाति आयोग को भी किसी भी माध्यम से सूचना दे सकते हैं। प्राप्त सूचना या पत्र पर अनुसूचित जाति आयोग उस प्रकरण में सख्त कार्रवाई करेगा। इसी प्रकार अन्तर्राजातीय विवाह प्रोत्साहन राशि भी राज्य शासन के द्वारा दिया जाता है। सभी हितग्राही विधिवत आवेदन करें। अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष खाण्डे ने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारियों-कर्मचारियों के सीआर गोपनीय चरित्रावली में भी किसी अधिकारी के द्वारा सीआर में,पदोन्नति के कॉलम में.पदोन्नति योग्य नहीं लिखा जाता है और प्रतिवेदन भरने के बाद नियमानुसार अधीनस्थ कर्मचारी को सूचना नहीं दी जाती है तब ऐसी स्थिति में भी अधिकारी-कर्मचारी आयोग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इसी प्रकार खाण्डे ने बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, हत्या आदि के प्रकरण में मुआवजा राशि की जानकारी दी।

खाण्डे ने एट्रोसिटी के जिले के प्रकरण के बारे में डीएसपी कुंवर से जानकारी ली। इस अवसर पर जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के सम्मानित सदस्य, महंत, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बनर्जी, सीएमएचओ डॉ. एफ .आर. निराला, जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े, सीईओ द्वय अभिषेक बनर्जी, योगेश्वरी बर्मन, अन्त्यावसायी विकास के अधिकारी एमके भगत, पशुधन विकास विभाग के अधिकारी, नगरपालिका सारंगढ़ के रोशन यादव आदि उपस्थित थे।

एक नजर

न्यायालय अपर आयुक्त, कैम्प कोर्ट रायगढ़ में नियत प्रकरणों की सुनवाई तिथि में परिवर्तन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

न्यायालय अपर आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर कैम्प रायगढ़ में 16 एवं 17 नवम्बर 2023 को नियत समस्त प्रकरणों की सुनवाई तिथि में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया गया है। जिसमें 16 नवम्बर को नियत प्रकरण 23 नवम्बर तथा 17 नवम्बर को नियत प्रकरण 24 नवम्बर 2023 किया गया है।

मोहभट्ट में जनसुनवाई विवादों में घिरी

ग्रामीण और प्रशासन कंपनी को लेके हुए एक दूसरे सामने

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

जिला बलौदा बाजार के सिमगा विकासखंड के ग्राम मोहभट्ठा में जनसुनवाई आयोजित किया जिसमे सासन की ओर अपर कलेक्टर ने जन सुनवाई की पहल दौरान मात्र एक औपचारिक तौर में कार्य क्रम की शुरवात की एवम समापन भी महज पांच मिनट में कर दी गई एक तरफ लगातार महिलाओं की विरोध प्रदर्शन जारी था दूसरे तरफ सासन प्रशासन की आला अफसर अधिकारी लोगों को अवगत कराया की जिनको भी कम्पनी स्थापना में पर्यावरण संबंधित अपनी राय रखनी है पक्छ विपक्ष में वो यहां आकर अपना बाते कह सकते है किंतु यह जनसुनवाई की सूचना को जनता के लिए नही अपीतु महज एक औपचारिक तौर पर किया गया और समापन भी कर दिया गया ना कोई विरोध दर्ज किया और नही कोई समर्थनअब देखना यह होगा की सासन प्रशासन किनकी दबाव में यह दिखावा करने पहुंची थी ना कोई कंपनी का समर्थन ना कोई विरोध यह गरीब जनता को राहत नहीं आहत पहुंचा रही है वही पर साफ-साफ नजर आ रही है की ग्राम का सरपंच गायब है। जनपद अध्यक्ष गायब जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष गायब विधायक गायब मोहभठ ग्राम की कंपनी का विरोध मात्र गांव के गरीब किसान पर निर्भर स्कूली छात्रा एवम मजदूर वर्ग की महिलाएं बाकी जन प्रतिनिधि के तौर पर मात्र एक माटी पुत्र मुरारी मिश्रा रात और दिन में खुल कर मोहभाठा वासी महिलाओं और पुरषों का साथ दिया जिन्होंने पुलिस प्रशासन के साथ-साथ आला अफ सर अधिकारी को भी हड़काया कांग्रेस सरकार के सभी नेता चाहे छोटे हो या फिर बड़े सभी भाग खड़े नजर आए सभी अधिकारियों के चले जाने के बाद भी महिलाओं का विरोध प्रदर्शन जारी है अब देखना यह होगा की क्या रूप रेखा तैयार करती है सरकार और अधिकारीगण भरपूर विरोध के बावजूद कंपनी के पक्ष में सहमति किस आधार पर लेता है,या फिर इन गरीब महिलाओं का जो चार पांच दिन से भूखे प्यासे अपनी जर जमीन जीवन की होने वाली हानि के विरोध में बिना किसी से डरे बिना किसी से लड़े,अपनी समस्या को सरकार के समक्ष रख रही है। फिर भी कोई जन प्रतिनिधि नजर आ रहे।

अवैध परिवहन करते 2 टैक्टर डंप रेत पर की जब्ती की कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

बेलगहना तहसील के अंतर्गत रेत घाटों से बरसात के मौसम में रेत उत्खनन में प्रतिबंध बेअसर साबित हो रहा था। इस तहसील के अंतर्गत अरपा नदी से अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन करने का गोरख धंधा बदस्तूर तेजी से चल रहा था और प्रशासनिक प्रशासन द्वारा बरसात में रेत उत्खनन पर लगाये रोक के नियमों को ठेंगा दिखा रहे थे स खबर सीजी 24 ने श्प्रतिबंध के बाद भी अरपा नदी का सीना चीर रहे तस्करए विभाग नही कर रहा कार्रवाई व बेलगहना तहसील के कोनचरा व पहंदा रेत घाट में तस्कर तेजी कर रहे रेत का उत्खनन, लाखों की राजस्व की क्षति शीर्षक के साथ प्रमुखता से उठाया था जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारी ने तत्काल मामले को संज्ञान में लिया उसके बाद बेलगहना तहसीलदार डीके कोशले ने पहंदा व कोनचरा रेत घाट में छापामार कर अवैध रूप से रखे हुए 7 टैक्टर डंप रेत को जब्ती की कार्रवाई की गई वही बेलगहना चौकी के द्वारा भी अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए 2 टैक्टर को पकड़ कर कार्यवाही के लिए खनिज विभाग को भेजा गया स बेलगहना तहसीलदार डीके कोशले ने कहा कि 15 जून से रेत के उत्खनन व परिवहन पर प्रतिबंध लगा हुआ है अगर अवैध उत्खनन,परिवहन व डंप किया जाता हैं तो नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

बारिश रुकते ही सड़कों के निर्माण और मरम्मत में दिखनी चाहिए तेजी-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

डेंगू रोकथाम के लिए सप्ताह में एक दिन घरों में अनुपयोगी पानी खाली करने की चलेगी विशेष मुहिम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

बारिश रुकने के पश्चात सड़कों की मरम्मत का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ होना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। कलेक्टर सिन्हा ने आज बैठक के दौरान कार्यपालन अभियंता को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बरसात समाप्त होने के पश्चात सड़कों में गड्ढों को भरना, पैच वर्क और मरम्मत के साथ सड़क निर्माण कार्यों में पूरी तेजी लाएं। उन्होंने इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायत अधिकारियों को दी है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने डेंगू रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान की विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि डेंगू को नियंत्रित करने के लिए साफ-सफाई व जन-जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने पूरे शहर में और खास तौर पर डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे तथा दवा के छिड़काव का अभियान जारी रखने के निर्देश दिए। आयुक्त नगर निगम ने बताया कि घर-घर में टीम जाकर लोगों को जागरूक कर रही है। इसके साथ ही 27 सितम्बर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। यहां लोगों से अपने घरों में जमा पानी को साफ करने की अपील की जा रही है। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि नियमित रूप से घरों में कुलर, गमले, टायर व कबाड़ इत्यादि से पानी खाली करने से डेंगू लार्वा को जल्द नियंत्रित किया जा सकेगा।

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों को लेकर कड़ी नाराजगी जतायी और जल्द सभी प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी ली। बताया गया कि किसानों का पंजीयन अंतिम चरण में है। कलेक्टर सिन्हा ने गिरदावरी के माध्यम से वेरीफि केशन करने के निर्देश दिए। साथ ही खरीदी केन्द्रों के व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर सिन्हा ने जाति प्रमाण पत्र निर्माण के बारे में भी जानकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों से ली। कलेक्टर सिन्हा ने प्रमाण पत्र के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, डीएफ ओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफ ओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

*** लोक सेवा गारंटी के प्रकरण समय-सीमा में निराकृत करने कलेक्टर सिन्हा के अधिकारियों को निर्देश**

एनआरसी का कुपोषित बच्चों को मिले पूरा लाभ पोषण पुनर्वास केंद्रों के बारे में चर्चा करते हुए कलेक्टर सिन्हा ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में संचालित सभी एनआरसी केंद्रों के बेड भरें होने चाहिए। इन केंद्रों का पूरा लाभ कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर करने में मिलना चाहिए। उन्होंने हमर लैब तथा स्वास्थ्य विभाग के जुड़े अन्य निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना स्कूलों में चल रहे साप्ताहिक एवं मासिक मूल्यांकन का स्वयं स्कूल पहुंचकर कर रही निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्टरनूपुर राशि पन्ना जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों में चल रहे साप्ताहिक एवं मासिक मूल्यांकन का स्वयं स्कूल पहुंचकर निरीक्षण और समीक्षा कर रही है। कलेक्टर द्वारा आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरदा में औचक पहुंचकर 10वीं 12वी के छात्र-छात्राओ के चल रहे सभी विषयों के साप्ताहिक एवं मासिक मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही उनके द्वारा ग्राम लवसरा तथा पोरथा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण और समीक्षा किया गया है। जिसमें शिक्षक, पालक एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी बच्चों के मूल्यांकन कॉपी,फेयर कॉपी को चेक किया और जिन विद्यार्थियों के नंबर कुछ कम है या मूल्यांकन में उपस्थित नही है उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा की यदि किसी कारणवश कोई विद्यार्थी मूल्यांकन के दिन उपस्थित नहीं हो पाते है तो जिस दिन वह छात्र स्कूल आए उस दिन उनका मूल्यांकन जरूर लिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने पालकों को रोजाना बच्चों के स्कूल बैग एवं कापी किताब को जांच करने का आग्रह किया और साथ ही साथ घर में पालकों को बच्चों के पढ़ाई के समय कम से कम एक दो घंटे का समय जरूर देने का प्रयास करने कहा। जिससे बच्चें क्या पढ़ाई कर रहे हैं उसकी जानकारी पालकों को हो सके, जिससे पालक अपने बच्चों को उचित मार्गदर्शन भी दे सकें । निरीक्षण सह समीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बीएल खरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारीकेण्पी राठौर, सांख्यिकी अधिकारी,राकेश अग्रवाल, स्कूल के समस्त शिक्षक सहित छात्र-छात्रा, और छात्र छात्राओं के पालक उपस्थित थे।

जशपुर बागबहार में चिकित्सा कर्मचारी का आतंक

अस्पताल के मरीजों को जबरन ले जाते निजी इलाज करने

जोहार छत्तीसगढ़-बागबहार।

बागबहार में एक स्वास्थ्यकर्मी प्रशासन को खुलेआम चुनौती देता हुआ शासन के सारे नियम कानून को धता बता स्थानातरण होने के बावजूद शासकीय आवास में डटा हुआ है इतना ही नहीं स्वास्थ्यकर्मी सरकारी अस्पताल में आने वाले गरीब मरीजो को बहकाकर अपने सरकारी आवास ले जाकर निजी इलाज कर मनमानी रूपये भी वसूल रहा है। दरअसल विकासखण्ड पत्थलगांव के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबहार में पूर्व में कार्यरत ग्रामीण चिकित्सा सहायक कर्मचारी कोमल प्रकाश पटेल द्वारा कर्मचारियों के बीच आपसी विश्वास, समन्वय एवं सौहार्द की कमी की वजह से अनुशासनात्मक कारवाई भी किया जा चूका है इतना ही नहीं कर्मचारी कोमल प्रकाश पटेल का स्थानातरण बगीचा ब्लाक किये जाने के बावजूद आज पर्यंत तक कोमल प्रकाश पटेल ने बागबहार का शासकीय आवास नहीं छोड़ा है। इस शासकीय आवास पर स्थानातरण के बावजूद बेजा कब्जा कर सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजो को बरगला कर निजी प्रैक्टिस कर रहे कोमल प्रकाश पटेल का आतंक इतने में ही कम नहीं होता सरकारी अस्पताल में नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड वाले भर्ती मरीजो को अपने झांसे में लेकर बेजा कब्जा वाले सरकारी आवास में ले जाकर इलाज करवाने से सरकारी अस्पताल में दर्ज भर्ती मरीजो की संख्या में कमी लाया जा रहा है जिसकी वजह से सुबह अस्पताल में दर्ज भर्ती मरीजों की संख्या शाम होते तक आधी रह जाने से अस्पताल में पदस्थ चिकित्सको के लिए मुसीबत के साथ कारण बताओ नोटिस जारी हो जा रहा है। बागबहार अस्पताल में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी ने बताया की कोमल प्रकाश पटेल जब यहा पदस्थ थे तो उनके द्वारा अन्य कर्मचारियों को भी मानसिक रूप से प्रताड़ित किये जाने की बात सामने आई थी। उन्होंने बताया की उनका स्थानातरण बगीचा ब्लाक किये जाने के बावजूद आज पर्यंत तक कोमल प्रकाश पटेल ने बागबहार का शासकीय आवास नहीं छोड़ा है साथ ही हमारे अस्पताल में आयुष्मान कार्ड के भर्ती मरीजो को बरगलाकर ले जाते है और रात को अस्पताल के सामने बैठकर आपातकालीन स्थिति में आने वाले मरीजों को अस्पताल में कोई डाकटर नहीं है कहकर भगा दिया जाता है। अस्पताल में पदस्थ महिला सफाई कर्मचारी शकुन्तला ने बताया की पूर्व में जब कमल प्रकाश पटेल यहां पदस्थ थे तो उन्होंने बार बार ड्यूटी के दौरान मानसिक प्रताड़ित करते हुए उनका एक महीने का वेतन रोक दिया था। बागबहार निवासी ओम प्रकाश परहा ने बताया की उनका बीपी बढ़ जाने की वजह से जब वे इलाज कराने आये तो कमल प्रकाश पटेल ने इलाज के नाम पर उनसे दो सौ रूपये ले लिए।

*** अफसरों से सेटिंग कर ट्रांसफर के बावजूद नियम विरुद्ध वर्षो से जमे,निजी प्रैक्टिस नर्सिंग होम चलते रहे**

बागबहार डूमरमुड़ा निवासी विवेक निकुंज ने बताया की कोमल पटेल द्वारा किये जा रहे अनियमितता की शिकायत की वजह से ट्रांसफर हो गया था परन्तु अधिकारी कर्मचारी की मिली भगत से वे आये दिनों बागबहार के सरकारी आवास में ही मिलते हैं। और गरीब बेबस ग्रामीणों को बरगलाकर निजी इलाज कर जमकर वसूली कर रहे है जबकि उनको निजी प्रेक्टिस करने का अधिकार ही नहीं है ।

डॉ. जेम्स मूल पदस्थापना बागबहार में था एक वर्ष पूर्व उनका पदस्थापना बगीचा ब्लाक किया गया है यदि वे बागबहार में ही रहते मिलेंगे तो उनके खिलाफ कारवाई करने हेतु उचाधिकरियो को अनुशंषा किया जायेगा।

प्रदेश का विकास और सबकी आय में वृद्धि करना रही हमारी प्राथमिकता-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरबा जिले में दी विकास कार्यों की सौगात

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरबा जिले को करोड़ो के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने अपने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर जिले में 73 कार्यों अंतर्गत 150 करोड़ 51 लाख 99 हजार रुपए लागत के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमने नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्प लिया है और इस दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रदेश के विकास को प्राथमिकता में रखते हुए निर्माण कार्य कराए। प्रदेश के किसानों, मजदूरों,बेरोजगारों, श्रमिकों के लिए योजनाएं बनाई और उनकी आय बढ़ाने का काम किया। प्रदेश के दूरस्थ अंचलों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी। शिक्षा, स्वास्थ्य की दिशा में काम करते हुए अनेक परिवर्तन लाए। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के साथ शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की भर्ती, जर्जर स्कूलों का कायाकल्प, अस्पताल

में जाँच सुविधाओं को बढ़ाने, गरीबों के उपचार को आसान बनाने का काम भी किया। आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ग्रामीण औद्योगिक पार्क, सी-मार्ट भी संचालित कर नई दिशा में कदम बढ़ाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वे करके आवासहीन परिवारों को चिन्हित किया है। आवासहीन परिवारों के लिए आवास न्याय योजना की शुरुआत कर हितग्राहियों के खाते में राशि डाली गई है। हमारी कोशिश छत्तीसगढ़ राज्य को विकास की राह में लगातार आगे बढ़ाने की रही है। आज राज्य के सभी जिलों में 7300 कार्य अंतर्गत 06 हजार 80 करोड़ रुपए के कार्यों का

*** कुल 73 कार्यों अंतर्गत 150 करोड़ रुपए से अधिक का किया लोकार्पण और भूमिपूजन**

लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया है। इससे राज्य को एक नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कोरबा जिले के अंतर्गत लोकार्पण के 33 कार्यों अंतर्गत 58 करोड़ 63 लाख 69 हजार रुपए के और भूमिपूजन के 40 कार्यों अंतर्गत 91 करोड़ 88 लाख 30 हजार रुपए के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार

के सभी मंत्रीगण भी उपस्थित रहे और उन्होंने विकास कार्यों की सौगात मिलने पर जिलेवासियों को बधाई दी। जिले से जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला छत्रपाल कंवर, महापौर राजकिशोर प्रसाद, छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के सदस्य हरीश परसाई, कलेक्टर सौरभ कुमार, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, सभी अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने दी बधाई

कोरबा जिले को करोड़ो रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिलने पर जिले वासियों को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश का चहुमुखी विकास हो रहा है। गाँव.गाँव में लोकार्पण और भूमिपूजन के साथ छोटे.बड़े कार्यों के माध्यम से आमनागरिकों को सुविधाएं मिलेंगी। यह प्रदेश के लिए गौरव की बात है तथा यह मील का पत्थर साबित होगी।

कुल 150 करोड़ 51 लाख 99 हजार रुपए के कार्यों का हुआ लोकार्पण भूमिपूजन

मुख्यमंत्री बघेल द्वारा वर्चुअली लोकार्पण भूमिपूजन कार्यक्रम में जिले में कुल 150 करोड़ 51 लाख 99 हजार के कुल 73 विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन किया। इन विकास कार्यों में विधानसभा कटघोरा में कुल 4752.43 लाख की लागत से कुल 36 विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। जिसमें 610.70 लाख की लागत से 24 कार्यों का लोकार्पण एवं 4141.73 लाख की लागत से 12 कार्यों का भूमिपूजन शिलान्यास किया गया। इसी प्रकार विधानसभा पाली.तानाखार में कुल 8252.82 लाख की लागत का 25 कार्य शामिल है। इन कार्यों में 3526.78 लाख की लागत के 05 कार्यों का लोकार्पण एवं 4726.04 लाख की लागत के 20 कार्यों का भूमिपूजन, रामपुर विधानसभा के अंतर्गत 2105.47 लाख की लागत के कुल 10 कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया गया। इसके तहत 1334.94 लाख की लागत के 2 कार्यों का लोकार्पण एवं 770.53 लाख की लागत के 08 कार्यों का भूमिपूजन शिलान्यास एवं विधानसभा कोरबा के अंतर्गत कुल 391.27 लाख की लागत के कुल 2 कार्यों का लोकार्पण किया गया।

एक नजर

कल्प समाज सेवी संस्था द्वारा मनाया जा रहा पोषण माह

जोहार छत्तीसगढ़-बालौदाबजार।

कल्प समाज सेवी संस्था कसडोल द्वारा संचालित सतत् आदिवासी आजीविका परियोजना के तहत कार्य क्षेत्र वन अंदर के 21 गांवों में ब्यंजन त्योहार मनाया जा रहा है जिसका उद्देश्य पौष्टिक बाड़ी कि सब्जी, वन का कंद-मुल एवं मोटा अनाज को अपने खाने में शामिल करना, इसी के तहत ग्राम अल्दा, सुरबाय, पठियापाली, बिटकुली, फुरफुदी, डाढाखार एवं पोड़ी में ब्यंजन त्योहार मनाया गया जिसमें कोदो, मंडिया, सावा से 13-13 प्रकार का ब्यंजन महिला किसान समूह एवं पुरुष किसान समूहों द्वारा बनाकर प्रदर्शनीय के माध्यम से उपस्थित सदस्यों को मोटा अनाज कि रिसेपी एवं संरक्षण के बारे में समझा गयाए साथ ही छत्तीसगढ़ी खेल फु.गड़ी, डंडापचरंगा, एवं कितकिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं एवं नवयुवती द्वारा प्रतिभागी किया गया।

28 सितंबर को भाटापारा के सुमाभाठा में होगा कृषक सह श्रमिक सम्मेलन, मल्लिकार्जुन खड़गे सहित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे शामिल

कलेक्टर,एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा,समय-सीमा के भीतर अधिकारियों को कार्य करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

भाटापारा नगर के नजदीक ग्राम पंचायत सुमा में कृषक सह श्रमिक सम्मेलन 2023 का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, भारत शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री कुमारी शैलेजा,विधानसभा अध्यक्ष चरणदास मंहतए उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित संपूर्ण मंत्रीमंडल उपस्थित रहेंगै। आयोजन की भव्यता को देखते हुए तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उन्होनें संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय सीमा के भीतर कार्य करने के निर्देश दिए है। उक्त कार्यक्रम में लगभग 1 लाख से अधिक किसान एवं श्रमिक बंधु शामिल होंगे। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकास कार्यों का लोकापर्ण एवं शिलान्यास सहित विभागीय योजनाओं का प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन न केवल बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के बल्कि आसपास जिले बेमेतरा, मुंगेली एवं रायपुर के भी किसान एवं श्रमिक बड़ी संख्या में शामिल होगें। सम्मेलन में शामिल होने वाले किसान एवं श्रमिक बंधुओं को किसी भी तरह की कोई तकलिफन हो इसके लिए कार्यक्रम स्थल में मूलभूत व्यवस्था जैसे पेयजल,शौचायल,बिजली, सुरक्षा, पार्किंग एवं भोजन की चॉक चौबंध व्यवस्था की जा रही है। पुलिस प्रशासन की ओर से 1 हजार से अधिक कर्मचारियों की विस्तृत ड्यूटी लगाई गई है। उक्त निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन,अपर कलेक्टर बी सी एक्का,डीएफओ मंयक अग्रवाल सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

आवास योजना की राशि ट्रांसफर करने आ रहे फर्जी काल, मांग रहे बैंक डिटेल व आधार कार्ड की जानकारी, लोगों से सतर्क रहने की अपील

हितग्राहियों की जानकारी जिला प्रशासन के पास उपलब्ध, कॉल कर नहीं मांगी जाती किसी प्रकार की जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले के बहुत से हितग्राही व आम लोगों को कई अलग-अलग नंबरों से फर्जी कॉल आने की शिकायतें मिली है। जिसके माध्यम से कालर लोगों को यह बता रहे है कि उन्हें आवास योजना की राशि भेजी जानी है। जिसके लिए उनके बैंक डिटेल, आधार कार्ड और मोबाईल नंबर इत्यादि की जानकारी मांगी जा रही है। लोगों ने जब इन नंबरों को ट्रू कॉलर में सर्च किया तो वहां आवास योजना प्रधानमंत्री लिखा हुआ है।



इस संबंध में जिला प्रशासन ने लोगों को सचेत व सतर्क करते हुए कहा है कि इस प्रकार के फर्जी व धोखाधड़ी वाले कॉल्स से सावधान रहे। उन्हें किसी भी प्रकार की निजी जानकारी न दें। ऐसा कॉल आने पर अपने नजदीकी जनपद पंचायत अथवा पुलिस स्टेशन में तत्काल इसकी सूचना दें, ताकि ऐसे नंबरों पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। जिला प्रशासन ने स्पष्ट करते हुए कहा कि जिन भी हितग्राहियों के आवास स्वीकृत हुए है तथा राशि ट्रांसफर की जानी है। उनकी सारी जानकारी जिला प्रशासन के पास मौजूद है तथा शासन द्वारा राशि स्वीकृत होने पर उन्हें उनके खाते में ट्रांसफर कर दी जाती है। इसके लिए किसी प्रकार की कॉल कर अतिरिक्त जानकारी नहीं मांगी जाती है। अतरू सभी हितग्राहियों को सावधान रहने की अपील की जाती है।

तमता जलाशय टूटने का खतरा को लेकर लोगों में दहशत, जलसंसाधन विभाग ने कहा घबराएं नहीं

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।

तमता का घोघरा जलाशय एक बार फिर टूटने की हालत में आने की खबर के बाद क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में आ गए है। दरअसल बांध के किनारे पर गड्ढा होकर पानी और मिट्टी का रिसाव होने की खबर ने विभाग को भी सकते में ला दिया।

देर रात तक विभाग के लोग जलाशय की वेस्ट वेयर की स्थिति पर नजर रखते नजर आ रहे हैं। रात को जैसे ही विभागीय अमला मौके पर पहुंचा सैकड़ों ग्रामीणों ने भी मौके पर पहुंच कर डेम के रिसाव से असुरक्षा की भावना को दर्शाते हुए हंगामा मचाना शुरू कर दिया। हंगामे के बीच विभागीय कर्मचारी असहाय बने रहे ए विभागीय आमले के सामने उनके आक्रोश का सामना करने के सिवाय कोई चारा नहीं था। हालांकि रिसाव के मरम्मत कार्य तत्काल शुरू किए जाने की बात पर ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ वहीं विभागीय अमले ने डैम के रिसाव की मरम्मत के लिए ताबड़तोड़ कार्य शुरू कर दिए हैं। बहाव का प्रेशर को रोकने वेस्ट वेयर को कट करने का कार्य जोरों से शुरू कर दिया गया है बता दे की बार-बार मरम्मत के बावजूद प्रतिवर्ष होने वाली इस टूट से जल संसाधन विभाग को काफी किरकिरी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता विजय जमनिक ने बताया कि तमता जलाशय की वेस्ट वेयर में रिसाव की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं उन्होंने बताया की जलाशय में प्रॉब्लम है लेकिन टूटने जैसी स्थिति नहीं है। बारिश में क्षेत्र के लोगो को घबराने की जरूरत नहीं, बार-बार आ रही समस्या को देखते हुए स्थाई समाधान हेतु इसका निविदा निकाला गया है बारिश के बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

चोरी के मोटर सायकल में सैर करते आदतन चोर को रतनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

चोरी के मोटर सायकल में सैर करते आदतन चोर को रतनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार हैं कि प्रार्थी दुर्गेश राजपूत निवासी ग्राम खैरा रतनपुर का 13 अगस्त 2022 के थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 08 अगस्त 2022 के संध्या में पूजा कार्यक्रम में शामील होने अपने मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 10 ई 6178 से हाई स्कूल के पास गांव खैरा गया था मोटर सायकल को घर के बाहर खडी किया था कि कुछ देर में घर से बाहर निकल कर देखा तो मोटर सायकल नही था कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपी चोरी गये मशरूका का पतासाजी में लिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय संतोष सिंह द्वारा चोरी के मामले में निराकरण हेतु निर्देशित करने व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक महेश्वरी व उपपुलिस अधीक्षक कोटा सिद्धार्थ बघेल द्वारा

थाना क्षेत्र में छोटे बडे चोरी व नकबजनी के प्रकरण में मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी रतनपुर देवेश सिंह राठौर के द्वारा टीम गठित कर क्षेत्र मे हो रहे चोरी नकबजनी की पतासाजी किया जा रहा था कि सूचना मिला कि ग्राम चपोरा निवासी अनिल खांडे काफी दिनों बाद घर आया हैं तथा एक बिना नंबर के मोटर सायकल में घूम रहा हैं कि सूचना पर टीम तैयार कर चपोरा रवाना किया टीम द्वारा चपोरा हाई स्कूल के पास संदेही अनिल खांडे को मोटर सायकल सहित घेराबंदी कर पकड़ा गया तथा वाहन के कागजात के संबंध में पूछताछ पर कोई कागजात नही होना बताया तथा मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ पर उक्त मोटर सायकल को पिछले साल माह अगस्त में ग्राम खैरा हाई स्कूल के पास घर के बाहर से चोरी करना बताया तथा मोटर सायकल को अपने साथ कोरबा ले गया वंही रखा था तथा एक सप्ताह पूर्व में अपने घर ग्राम चपोरा आया हूं बताया जो थाना रतनपुर के अपराध क्रमांक 454/2023 धारा 379 भादवि का चोरी मसरूका था।

तथा पूछताछ पर 01 अन्य मोटर सायकल को पाली कोरबा शराब भट्ठी के पास से चोरी कर अपने घर में लाकर रखना बताया जिसे घर से बरामद कर चोरी के मशरुका होने के संदेह पर धारा 41;1.4,/379 का इस्तगासा तैयार कर आरोपी अनिल उर्फ जूर्रा खांडे के कब्जे से 02 मोटर सायकल को जप्त किया गया आरोपी को 26 सितंबर 23 के गिरफ तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। जप्त मशरुका, मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 10 ई 6178 कीमती 20000 2 मोटर सायकल हिरो स्पेंलडर प्रो बिना नंबर प्लेट का कीमती 18000 गिरफ्तार आरोपी अनिल उर्फ जूर्रा खांडे पिता सोनू खांडे उम्र 20 साल साकिन ग्राम चपोरा रतनपुर थाना रतनपुर।

संसदीय सचिव यू.डी. मिंज ने विश्व पर्यटन दिवस की दी शुभकामनाएं, कहा जशपुर पर्यटन का स्वर्ग

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

संसदीय सचिव यू.डी. मिंज ने 27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पर्यटन की संभावनाओं से परिपूर्ण राज्य है। जहां प्राकृतिक सौंदर्य के मनोरम स्थलों के साथ धार्मिक और पौराणिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के अनेक स्थल हैं। यहां नदियां, झरने, जल प्रपात, सघन वनों से आच्छादित पर्यटन स्थल बरबस ही पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। छत्तीसगढ़ के अनेक स्थल हमारी प्राचीन पौराणिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े हुए हैं। राज्य सरकार का पूरा ध्यान यहां के पर्यटन को विकसित करने की ओर केंद्रित है। संसदीय सचिव यूडी मिंज ने कहा है कि प्राचीन दंडकारण्य वन और माता

कौशल्या की जन्म-स्थली हमारे गौरव हैं। इंद्रावती नदी पर चित्रकोट जलप्रपात, सिरपुर का प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर और बस्तर का दशहरा पूरे देश में प्रसिद्ध है। मिंज ने कहा कि जशपुर पर्यटन की दृष्टिकोण से अनोखा जिला है जहां की जैव विविधता पुरे देश में अनोखा इसलिए इसे संरक्षित किया गया इस दिशा में हम काम कर रहे है जशपुर जिले कों पर्यटन के मानचित्र पर सबसे पहले स्थान पर लाना हमारा लक्ष्य है हमारे यहां ऊंची नीची पर्वतमालाएं हैं बड़ी और गहरी झीलें हैं। बड़े-बड़े जलप्रपात हैं, गहरी खाइयां हैं, कई खतरनाक घाटियां है जैव विविधता है वनस्पति विविधता है, कृषि उत्पादन के कई स्त्रोत हैं फ्लावर वैली के रूप में हमने घाटियों को संवारने कोशिश किया गया है जो अब स्वरूप लेने लगा है वन मार्गों की सुंदरता देखते ही बनती है बहुत जल्द हम हर वो एक्टिविटीज जशपुर में करेंगे जो अन्य राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने किया जाता है इसके लिए मुख्यमंत्री जी ने एडवेंचर स्पोर्ट्स

अकेडमी की स्वीकृति दी है जो ज्ल्दी शुरू होगा उन्होंने कहा कि जशपुर में जहां हिमाचल की झलक दिखती है वहीं दार्जलिंग की खूबसूरती भी यहां है शिमला सा ठंडा हम सबका जशपुर पर्यटन की दिशा में नया अध्याय लिखने तैयार हो रहा है जिले वासियों का साथ बना रहा तो 2025 तक हम जशपुर जिले को विशेष पर्यटन जिला बनाने कामयाब हो जाएंगे। छत्तीसगढ़ का पर्यटन परिदृश्य एवं सांस्कृतिक परंपरा अनोखी है। छत्तीसगढ़ के पौराणिक महत्व और उसकी खूबसूरती से देश.दुनिया का परिचय कराने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। कोरिया से लेकर सुकमा तक इस पर्यटन परिपथ का निर्माण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में ईको एवं ट्राइबल टूरिज्म के तहत 13 स्थानों को एथनिक स्थलों में विकसित किया जा रहा है। जल एवं साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में सतरेंगा और मयाली का विकास एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

धरमजयगढ़ वनमंडल में सैकड़ों की तादाद में हाथी कर रहे विचरण

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ वनमंडल क्षेत्र मौजूदा समय में कह सकते हैं अतिकायों से भरा हुआ है। विभागीय जानकारी के मुताबिक पूरे धरमजयगढ़ वनमंडल में कुल 118 हाथी अलग-अलग जगहों पर विचरण कर रहे हैं जो किसी भयावह परिस्थिति से कम नहीं है।

लगातार हाथी फ सल व अहाता दीवारों को भोजन की तलाश में निशाना बना रहे हैं। बात करें केवल छाल रेंज की तो करीब 64 हाथी घूम रहे हैं जो प्रभावित ग्रामवासियों के लिए विकट भयावह स्थिति से कम नहीं है हालांकि वहीं विभाग हाथियों पर पूरी नजर रखने की बात कह रही है सही जानकारी बटोरने में ऐड़ी चोटी का जोर लगा दी है। ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना सामने न आए। वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी लगातार हाथियों पर पैनी नजर बनाए हुए है यही नहीं हाथियों का समूह कौन से कंपार्टमेंट से किस जंगल की ओर कूच कर रहे हैं। उस पर लगातार नजर है ताकि लोगों को हाथी से आगाह किया जा सके और इंसान और हाथी के साथ कोई अप्रिय घटना घटित न हो इसके लिए बीटगार्ड समेत स्वयं रेंज अफ सर घने जंगलों की खाक छान रहे हैं ड्रोन कैमरे का सहारा लिया जा रहा है यहां यह बात हास्यस्पद जरूर लगेगा लेकिन शत प्रतिशत सत्य है मौजूदा समय मे छाल रेंज में जितने बीटगार्ड नहीं हैं उससे कहीं ज्यादा हाथियों की संख्या हो गई है बीती रात छाल रेंज अंतर्गत हाथियों के दल से बिछड़ा एक दंतैल हाथी जो थोड़ा आक्रामक है लगातार गांव की ओर भोजन की तलाश में घुसपैठ कर रहा है जिससे कहीं न कहीं क्षेत्रवासियों में दहशत स माहौल देखा जा रहा है। बहरहाल जिस तरह से क्षेत्र में हथियों की मौजूदगी है इससे साफ है लोगों के लिए खतरा बना हुआ है ऐसे में सवाल उठना लाजमी है क्षेत्र में क्या हाथियों की यह भीषण समस्या ऐसे ही अनवरत जारी रहेगी या फिर शासन-प्रशासन इस ओर कोई बेहतर उपाय कर पाने में सफल होगी या समस्या जस की तस रहने वाली है।

दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव मनाने समिति गठित, भव्य रूप देने समिति तैयारी में जुटी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में विगत 63 वर्ष से सार्वजनिक दुर्गा पूजा एवं दशहरा समारोह उत्सव मनाया जा रहा है। यहां की दशहरा आसपास से नहीं पूरे प्रदेश स्तर में ख्याति प्राप्त है। यहां पूजा तांत्रिक पद्धति से की जाती है। वही प्रतिदिन राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाती है। अंतिम दिवस दसवीं के दिन रात्रि 9:00 बजे से भव्य आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया जाता है। इस वर्ष 64 वां वर्ष है, जिसे और भी भव्य रूप से मनाने विगत दिनों बैठक कर समिति की गठन की गई है। जिसमें वीरेंद्र शर्मा अध्यक्ष एवं श्यामल पुरकायस्थ को सचिव बनाया गया है बाकी कार्यकारिणी पिछले वर्ष की भांति यथावत रहेगी।

यह सार्वजनिक दुर्गा पूजा एवं दशहरा समारोह पूर्ण रूप से दानदाताओं के सहयोग से ही आयोजित होती है इस वर्ष भी समिति द्वारा दानदाताओं से सहयोग लिया जा रहा है। जिसमें दानदाता खुले मन से आयोजन की प्रशंसा करते हुए सहयोग कर रहे हैं। बता दें कि यह आयोजन धरमजयगढ़ के हृदय स्थल क्लब प्रांगण दशहरा मैदान में संपन्न होती है।

नारी शक्ति वंदन विधेयक ऐतिहासिक, मोदी सरकार के प्रति आभार -वीणा विश्वास

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।

जनपद पंचायत धरमजयगढ़ क्षेत्र क्रमांक 11 की सदस्य एवं जिला महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा रायगढ़ ने नारी शक्ति वंदन विधेयक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। वहीं उन्होंने कहा है कि नारी शक्ति वंदन विधेयक प्रस्ताव लाकर मोदी ने जो कार्य किया है वह ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय है। इस विधेयक के लागू होने से लोकसभा एवं राज्यों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाएगा। कई वर्षों के इंतजार के बाद मोदी ने महिलाओं को पंख दिया है। पुरुष प्रधान व्यवस्था में महिलाओं को राजनीति में बहुत मुश्किल से जगह मिल पाती है। वीणा ने कहा कि कड़े और लंबे संघर्ष के बाद ही महिला राजनीति में अपनी जगह बना पाती है। बता दें कि बीते दिनों केंद्र सरकार ने विशेष सत्र बुलाकर नारी शक्ति वंदन बिल पेश किया था। जिसके लिए दोनों सदनों में हुए मतदान में लोकसभा में विरोध में मात्र दो वोट पड़े। वहीं राज्य सभा में तो विरोध में कोई वोट ही नहीं पड़ा। जिससे दोनों सदनों में यह ऐतिहासिक बिल पास हो गया है। बिल के पास होने पर देश की महिलाएं बहुत खुश हैं वहीं मोदी सरकार के प्रति आभार प्रकट कर रहे हैं।

पहले अल्पवृष्टि अब अतिवृष्टि से फसलों को नुकसान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

खेती के शुरुआत में जहां कम वर्षा ने फसलों को नुकसान पहुंचाया तो अब अधिक वर्षा के कारण फसलों को नुकसान हो रहा है। खेती के शुरुआत जुलाई अगस्त में पानी कम गिरने से असिंचित खेतों में फ सल लगाने में देरी वहीं अब पक चुके फसलों को नुकसान हो रहा है। धरमजयगढ़ क्षेत्र के आसपास दलहन तिलहन फसल के साथ सैकड़ों हेक्टेयर में लगे मक्का फसल पकने लगा है। जो अगाती खेती किए हैं उनका तो पककर तैयार हो चुका है। लेकिन वर्षा को देखते हुए उसे तोड़ने के लिए किसान घबरा रहे हैं। वहीं दलहन फसल तो पानी की भेंट चढ़ गया है। अति वर्षा के कारण धान के फसलों में भी कीटों का प्रकोप बढ़ रहा है। किसान चाहकर भी उसमे कीटनाशक दवाओं का उपयोग नहीं कर पा रहा है। अपनी गाढ़ी कमाई को लगाकर खेतों में पसीना बहाने वाला किसान हमेशा कुदरत का मारा होता है। फिर भी वह खेती करने को मजबूर होता है।

रतनपुर पुलिस की निजात कार्यवाही 1.600 कि.ग्राम गांजा सहित 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

1.600 कि.ग्राम गांजा सहित 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर के द्वारा अवैध नशे के कारोबार तथा नशा सेवन से निजात दिलाने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक महेश्वरी तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन पर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है थाना प्रभारी रतनपुर निरीक्षक देवेश सिंह राठौर के द्वारा टीम तैयार कर अवैध नशा के कारोबार में संलिप्त संदेहीयो पर नजर रखी जा रही थी कि 25 सितंबर 2023 के सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति मोटर सायकल में गांजा रखा हुआ हैं। सूचना पर त्वरित टीम को सांधीपारा नहर पुल के पास घेराबंदी कर संदेह के आधार पर एक मोटर सायकल लाल काला रंग का क्रमांक सीजी 10 बीएल 3258 के चालक से पूछताछ करने पर गोलमोल जवाब देने लगा तथा उसके पास रखे बैग को चेक करने पर मादक पदार्थ गांजा वजनी 01.600 किण्ग्रा रखा हुआ मिला जिस पर आरोपी करन कुमार खरे पिता कन्हैया लाल खरे उम्र 22 साल साकिन ग्राम टेकर थाना सीपत जिला बिलासपुर को गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्ती कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया। वही सूचना मिला कि ग्राम जोगीअमराई में एक व्यक्ति अपने घर में भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु रखा हैं कि सूचना पर तस्दीक कार्यवाही हेतु टीम रवाना किया जंहा दीपक धुर्वे के घर बाड़ी में एक पीले रंग के 15 लीटर क्षमता वाला डालडा प्लास्टिक डिब्बा में 15 लीटर कच्ची महुआ शराब रखा मिला जिसके आरोपी दीपक ध्रुवे पिता गेंदराम ध्रुर्वे उम्र 28 साल साकिन ग्राम जोगी अमराई रतनपुर थाना रतनपुर के विरूद्ध धारा 34;2, आबकारी अधिनियम का कार्यवाही कर रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। थाना रतनपुर पुलिस का नशे के विरूद्ध कार्यवाही तथा नशे के सेवन के विरूद्ध जागरूकता अभियान जारी हैं। जप्त 1.कच्ची महुआ शराब 15 लीटर कीमती,1500 मादक पदार्थ गांजा 01.600 किण्ग्रा कीमती 16000 , घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल सीजी 10 बीएल 3258 4.नगदी रकम 300,

गिरफ्तार आरोपी.1.दीपक ध्रुवे पिता गेंदराम ध्रुर्वे उम्र 28 साल निवासी ग्राम जोगी अमराई रतनपुर थाना रतनपुर 2.करन कुमार खरे पिता कन्हैया लाल खरे उम्र 22 साल निवासी ग्राम टेकर थाना सीपत जिला बिलासपुर।

एक नजर

संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ मेला व क्विज प्रतियोगिता संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत विद्यालयों में विज्ञान प्रदर्शनी] कबाड़ से जुगाड़ मेला का आयोजन के बाद अब संकुल स्तरीय आयोजन हो रहा है। जिसमें चयनित विद्यार्थियों को विकासखंड स्तर के आयोजन में भाग लेना है। इसी क्रम में हाटी में संकुल स्तरीय विज्ञान मेला प्रदर्शनीए कबाड़ से जुगाड़ मेला वह क्विज प्रतियोगिता संपन्न हुआ। संकुल केंद्र हाटी में संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ मेला विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन संकुल के समस्त 6 प्राथमिक एवं 3 माध्यमिक एवं आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यमिक विद्यालय की सहभागिता से आयोजित किया गया। जहां ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों द्वारा बनाया गया कबाड़ से जुगाड़ बहुत ही सराहनीय था। जिसे एकल एवं टीम के साथ बच्चों ने तैयार किया था। आज के इस आयोजन में प्राचार्य एसआर सिदार सहित शिक्षकगण एवं बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को रतनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार कि प्रार्थीया 24 सितंबर 23 के थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी हिमांशु पांडेय इसे शादी करूंगा कहकर कई साल से शारीरिक शोषण कर रहा था। जो अब शादी करने से इंकार कर रहा हैं कि रिपोर्ट पर अपराध धारा 376 भादवि का दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा महिला एवं बच्चो के विरूद्ध दर्ज अपराधों में त्वरित निराकरण के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक महेश्वरी, उपपुलिस अधीक्षक कोटा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी रतनपुर निरीक्षक देवेश सिह राठौर के आरोपी हिमांशु पांडेय के पतासाजी हेतु टीम तैयार कर रवाना किया कि हिमांशु पांडेय लखराम बस स्टैंड के पास मिला जिसे थाना लाकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया आरोपी हिमांशु पांडेय पिता रामनारायण पांडेय उम्र 24 साल ग्राम लखराम रतनपुर को 25 सितंबर 2023 के गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी हिमांशु पांडेय पिता रामनारायण पांडेय उम्र 24 साल निवासी लखराम थाना रतनपुर जिला बिलासपुर छग।

अध्यक्ष खाण्डे अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित योजनाओं के संबंध में 27 सितम्बर को लेंगे जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छग राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खाण्डे 27 सितम्बर को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित योजनाओं के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। इस मौके पर पदमा मनहर उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा, सचिव बीएल बंजारे उपस्थित रहेंगे।

जिले में 1218.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 26 सितम्बर तक 1218.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 6.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1211.3 मिली मीटर, पुसौर में 1289.1, खरसिया में 1182.1, घरघोड़ा में 1181.1, तमनार में 1117.3, लैलूंगा में 1196.2, मुकडेगा में 1309,2, धरमजयगढ़ में 1276.4, छाल में 1133.5 एवं कापू में 1287.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

विवाहिता के मौत पर मायके पक्ष का आरोप बेटी की मौत सहज नहीं हुई, हत्या है

बिन मां के हो गये 8 वर्षीय धनराज और 2 वर्षीय परी

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

ब्लाक के कुम्हडई कला में एक 28 वर्षीय विवाहिता रश्मिता की मौत पर ओडिशा छिलपा के मायके वालो ने शक जाहिर किया है। माता-पिता और उसके तीनो भाईयो ने मृतका के पति नरेश सोनवानी पर हत्या का आरोप लगाया है।जबकि पति का कहना उसके पत्नि की मौत तबीयत बिगड़ने से हुयी है। मामले पर मायके वालो के शिकायत के बाद देवभोग पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर न्यायिक दण्डाधिकारी के समक्ष लाश का पंचनामा तैयार पोस्टमार्टम के लिये चिरघर भेजा वही मामले की गम्भीरता को देखते हुये पूछताछ भी शुरू कर दी है।

बिन मां के हो गये दो नाबालिग

ओडिशा छिलपा के रश्मिता बाघ का देवभोग कुम्हडई कला के नरेश सोनवानी से 8 साल पहले लव मैरिज हुआ था। इनके दो बच्चे है 8 वर्षीय लड़का धनराज चौथी कक्षा की पढ़ाई कर रहा है तो वही 2वर्षीय परी अभी माँ के गोद मे खेला करती थी। रश्मिता के मौत के बाद दोनो नाबालिग बिन मां के हो गये।

मायके वालो का कई संगीन आरोप

लडकी के मायके वालो में उसके माता पिता और तीनो भाईयो ने आरोप लगाया है साल भर पहले मारपीट किया था जिसके चलते धर्मगढ हास्पीटल में एडमीट किया गया था मायके वालो का कहना है दो माह पहले नरेश ने मृतका के भाई को फ ोन पर ये धमकी दिया था की वो उसकी बहन को मार डालेगा। आये दिन शराब पीकर मारपीट करने की बात भी मृतका ने अपने मायके वालो को बताया था इसी बात को लेकर मायके वालो को हत्या का शक है।

शिक्षकों की टीम ने बनाया छत्तीसगढ़ी फिल्म ..

देख झन फंस जाबे, कलाकार, निर्माता, निर्देशक, कहानीकार सभी शिक्षक

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।

अभी हाल ही में 5 सितंबर को एक छत्तीसगढ़ी फि ल्म रिलीज हुई जिसमें कलाकार निर्माता सह निर्माता एवं कहानीकार सभी शिक्षक हैं। विदित हो कि शिक्षकों की टीम ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, तीज त्यौहार, छत्तीसगढ़ी बोली भाषा की धरोहर को बनाए रखने के लिए किसने की जमीन की महत्व पर शिक्षक साहित्यकार सत्यजीत पुरकायस्थ ने कहानी लिखकर अपने शिक्षक साथी दुष्यंत कश्यप, जमुना राजवाड़े को दिखाया, और देखते-देखते टीम तैयार हो गया। जिसमें देव पैंकरा, धर्मपाल, कैलाश चौधरी भूपेंद्र जायसवाल जैसे कई समर्थकों का सहयोग मिला। फि ल्म निर्मात्री श ा क ुं त ल ा कश्यप का निर्माता दुष्यंत कश्यप यशवंत राजवाड़े जमुना राजवाड़े और देवप्रयागदा के आर्थिक और मानसिक हर प्रकार के सहयोग से फि ल्म बनाने की जिम्मेदारी के लिए डायरेक्ट ब ी र ब ल पाणिग्रही को डायरेक्टर मनोज पांडे को सौंपा गया। आर्थिक, मानसिक परेशानियों का सामना करते हुए छत्तीसगढ़ की परंपरा भाखा बोली, तीज त्यौहार, किसानों का शोषण, अज्ञानता, अशिक्षा, शहर की चकाचक फौजी का कर्तव्य शिव मधुर संगीत और कॉमेडी से भरपूर फिल्म देख झन फंस जाबे बनकर तैयार हो गया। 22 सितंबर को रिलीज हुई फिल्म को देखने भारी बारिश में भी दर्शक उमड़ पड़े। निर्माता निर्देशक सहित फि ल्म के कलाकार राम यादवए संदीप त्रिपाठी, काजल पांडे, संध्या वर्मा, फि ल्म जगत के जाने-माने हस्ती पुष्पेंद्र भट्ट, पिंकी साहू और अन्य कलाकारों ने दर्शकों के साथ बैठकर फिल्म दिखा। विकासखंड धरमजयगढ़ क्षेत्र से पहली फिल्म लेखन कर सत्यजीत पुरकायस्थ ने अलग पहचान बनाई है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in